
UPHIN/2011/39718
(डिजिटल संस्करण)
बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार

दैनिक यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

यंग भारत वेब न्यूज़
सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-175 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) रविवार 07 जून 2026 youngbharatE-paper.com

# यूपी में 'सोलर दीदियों' की उड़ान, योगी सरकार ने बांटे नियुक्ति पत्र

## 14156 मानदेय के साथ मिलेगा फ्री सोलर प्लांट

( प्रधान सम्पादक )
( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** केंद्रीय योजनाओं को योगी सरकार उत्तर प्रदेश में बेहतर तरीके से कार्यान्वित कर रही है। इसी क्रम में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और सोलर दीदियों के सशक्तीकरण के लिए योगी सरकार ने कार्यक्रम आयोजित किया।

इसमें शनिवार को प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत संचालित एमएनआरई सिटी एक्सीलेटर प्रोग्राम के तहत प्रशिक्षित सोलर दीदियों को ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा द्वारा नियुक्ति पत्र एवं प्रशिक्षण प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस कार्यक्रम के दौरान सोलर दीदियों को प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाणपत्र प्रदान किए गए तथा उन्हें सौर ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार के अवसरों से जोड़ा गया। इस अवसर पर हनुमंत रिन्युवल कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि कंपनी चयनित सोलर दीदियों को 14,156 प्रतिमाह मानदेय प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक चयनित सोलर दीदी को कंपनी द्वारा नि:शुल्क 2 किलोवाट रूफटॉप सोलर संयंत्र तथा इंडक्शन स्टोव भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे स्वच्छ ऊर्जा को अपने जीवन में अपनाने के साथ-साथ



समाज में इसके प्रचार-प्रसार की प्रभावी भूमिका निभा सकें। इस कार्यक्रम में उपस्थित एमएनआरई कैप कंसल्टेंट उपकारी नाथ ने बताया कि यह पहल माननीय प्रधानमंत्री के 'सौर ऊर्जा युक्त भारत एवं महिला सशक्तीकरण' के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सोलर दीदियां प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को आवेदन प्रक्रिया, सब्सिडी, रूफटॉप सोलर स्थापना तथा अन्य सौर ऊर्जा संबंधी जानकारी एवं सहायता प्रदान करेंगी। इनके माध्यम से शहरी क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ेगी तथा अधिकाधिक परिवार स्वच्छ एवं किफायती ऊर्जा से जुड़ सकेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार द्वारा सिटी एक्सीलेटर प्रोग्राम के अंतर्गत सोलर दीदियों के लिए विशेष प्रोत्साहन की व्यवस्था की गई है, जिसका संचालन संबंधित नगर निगमों के माध्यम से किया जाएगा। यह कार्यक्रम महिलाओं को हरित ऊर्जा क्षेत्र में कौशल विकास एवं रोजगार उपलब्ध कराने का एक अभिनव प्रयास है। यह पहल प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ महिला सशक्तीकरण, हरित रोजगार सृजन और स्वच्छ ऊर्जा के प्रसार को नई गति प्रदान करेगी। सोलर दीदियां घर-घर जाकर नागरिकों को रूफटॉप सोलर अपनाने के लिए प्रेरित करेंगी तथा ऊर्जा सुरक्षा, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। इस कार्यक्रम में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शम्भु कुमार, यूपीनेडा के निदेशक रविन्दर सिंह, वाराणसी नगर निगम के नगर आयुक्त श्री हिमांशु नागपाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# यूपी में लड़कियों का 'रेट सिस्टम', सुनकर हिल जाएंगे आप!

## लखनऊ-रायबरेली तक फैले तार

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश में मानव तस्करी के एक संगठित नेटवर्क का पर्दाफाश होने के बाद जांच एजेंसियों के सामने ऐसे तथ्य आए हैं, जिन्होंने सभी को हैरान कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह में शामिल लोग लड़कियों की खरीद-फरोख्त के लिए बाकायदा एक 'रेट सिस्टम' चलाते थे।

लड़कियों की कीमत उनके रंग-रूप, कद-काठी और उम्र के आधार पर तय की जाती थी। मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपियों से पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारियां सामने आई हैं और अब पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। जांच में पता चला कि गिरोह के सदस्य लड़कियों को इंसान नहीं, बल्कि एक वस्तु की तरह देखते थे। सरगना और उसके सहयोगी लड़कियों का मूल्यांकन उनके रंग, चेहरे की बनावट, उम्र और लंबाई के आधार पर करते थे। जितनी कम उम्र और आकर्षक रूप-रंग वाली लड़की होती, उसकी कीमत उतनी अधिक रखी जाती थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, तस्कर संभावित खरीदारों को लड़कियों की तस्वीरें और जानकारी भेजते थे। इसके बाद सौदेबाजी होती थी और रकम तय की जाती थी। कई मामलों में एक ही लड़की को अलग-अलग राज्यों में ले जाकर बेचने की कोशिश की गई। जांच में यह भी सामने आया है कि गिरोह का नेटवर्क



केवल एक जिले तक सीमित नहीं था। इसके तार रायबरेली, सुल्तानपुर और लखनऊ तक फैले हुए मिले हैं। पुलिस अब इन जिलों में उन लोगों की पहचान कर रही है, जिनका इस नेटवर्क से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संबंध हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, 10 से 12 लड़कियों को तस्करी के जरिए अलग-अलग स्थानों तक पहुंचाए जाने की जानकारी मिली है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इनमें से कितनी लड़कियां बरामद हो चुकी हैं और कितनी अभी भी लापता हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गिरोह गरीब परिवारों और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों को निशाना बनाता था। कई लड़कियों को प्रेम विवाह, नौकरी या बेहतर जीवन का सपना दिखाकर जाल में फंसाया गया। इसके बाद उन्हें दूसरे शहरों या राज्यों में ले जाकर बेच दिया जाता था। कुछ मामलों में फर्जी दस्तावेज तैयार कर विवाह कराने की भी जानकारी सामने आई है। इससे पीड़ित लड़कियों के परिवारों को लंबे समय तक उनकी वास्तविक स्थिति का पता नहीं चल पाता था। पुलिस ने इस मामले में कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों से लगातार पूछताछ की जा रही है ताकि नेटवर्क के अन्य सदस्यों तक पहुंचा जा सके। जांच एजेंसियां आरोपियों के मोबाइल फोन, कॉल रिकॉर्ड, बैंक खातों और सोशल मीडिया गतिविधियों की भी पड़ताल कर रही हैं। अधिकारियों का मानना है कि यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय था और कई राज्यों में इसके संपर्क हो सकते हैं। इसी वजह से मामले की जांच को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है। मामले में एक महिला की भूमिका भी जांच के केंद्र में है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या वह लड़कियों को बहलाने-फुसलाने और परिवारों का भरोसा जीतने का काम करती थी। मानव तस्करी के कई मामलों में महिला एजेंटों का इस्तेमाल किए जाने की बात पहले भी सामने आती रही है, क्योंकि उन पर लोगों को जल्दी भरोसा हो जाता है। इस पूरे मामले में पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती उन लड़कियों की पहचान और बरामदगी है, जिन्हें गिरोह ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचाया। कई पीड़ित परिवारों ने वर्षों पहले अपनी बेटियों के गायब होने की शिकायत दर्ज कराई थी। अब जांच एजेंसियां पुराने मामलों का रिकॉर्ड भी खंगाल रही हैं।

## सुर्खियां.............

### बिजली न आने से खेतो की नही हो पा रही सिंचाई

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम विरगुवां बुजुर्ग के किसानों ने खेतों में खड़ी धान की फसल सूखने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कर प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। किसानों का कहना है कि पिछले माह आई तेज आंधी और तूफान में विद्युत पोल टूट जाने से गांव और खेतों की बिजली आपूर्ति बाधित है, जिससे सिंचाई कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

### आईजीआरएस पर दर्ज हो रही शिकायतों की झूटी जांच आख्या

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायत को भ्रामक बताते हुए शिकायतकर्ता ने डीएम को शिकायती पत्र भेजा है। जिसमें निस्तारण अख्या की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। मोहल्ला शाहगंज निवासी खालिद रहमानी ने डीएम राजेश पांडेय को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उन्होंने मोहल्ले में कम बिजली आपूर्ति होने, लो वोल्टेज और मोहल्ला शाहगंज को ग्रामीण फीडर के स्थान पर नगर के फीडर से जोड़ने की मांग करते हुए आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी।

### चूल्हे से निकली चिंगारी से आग से घर में लगी आग, गृहस्थी का सामान हुआ खाक

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** चूल्हे से निकली चिंगारी से आग से घर में रखे गद्दे कपड़े और गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित गृहस्वामी ने एसडीएम को सूचना दी। मोहल्ला नया रावतान निवासी पुजारी सत्यप्रकाश ने बताया कि उनके दो मकान है। सुबह करीब 11 बजे वह एक मकान पर खाना खाने के लिए चले गए।

# टोटी चोर पर गरमाई यूपी की राजनीति

## 9 साल पहले कैसे गढ़ी गई थी कहानी? योगी-अखिलेश फिर आमने-सामने

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश में जैसे जैसे विधानसभा चुनाव नज़दीक आ रहे हैं, नेताओं के एक दूसरे पर हमले तेज होते जा रहे हैं. ऐसे ही कुछ हुआ जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इशारों इशारों में बिना नाम लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव को टोटी चोर कहा तो अखिलेश यादव ने नाम लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला बोला और उन्हें 'करप्ट माउथ' करार दे दिया.

दरअसल पर्यावरण दिवस के मौके पर लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ लोगों को पर्यावरण संरक्षण को लेकर संकल्प दिला रहे थे. बोलते-बोलते जल संरक्षण की बात आई और पानी बचाने की अपील करते हुए सीएम ने कहा कि उनकी सरकार हर घर नल योजना से लोगों के घरों में पानी पहुंचा रही है लेकिन कुछ लोग टोटी चुरा लेते हैं. ये कहकर सीएम



योगी जरा सा ठहरे, फिर मुस्कुराए और सामने बैठे लोग तालियां बजाने लगे. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ये बयान थोड़ी ही देर में वायरल हो गया. उनके बिना नाम लिए भी लोगों ने उनके बयान को समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से जोड़ दिया. देर शाम सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सीएम योगी को सिर्फ जवाब नहीं दिया बल्कि उनके संन्यासी जीवन से पहले का नाम लेकर उन पर हमला बोला दिया. उन्होंने सीएम योगी के संन्यासी जीवन से पहले के काम का ज़िक्र करते हुए उनकी भाषा शैली पर सवाल खड़े किए. अखिलेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक के बाद एक तीन पोस्ट लिखते हुए योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा. जिसमें उन्होंने सीएम को करप्ट माउथ कहा. उनके पुराने बयानों का जिक्र किया. साथ ही एक पोस्ट में यह भी कहा कि वनस्पति विवेक छिन लेती है. टोटी का विवाद यूपी में लगभग 9 साल पुराना है. हुआ कुछ यूं कि साल 2017 में सपा की सरकार गई और योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री के पद की शपथ ली. अखिलेश यादव मुख्यमंत्री का बंगला छोड़कर गए तो नए सीएम योगी आदित्यनाथ के लिए उस बंगले में कुछ सुधार कराने का काम शुरू हुआ. शोर हुआ कि अखिलेश यादव बंगला छोड़कर गए तो सीएम आवास में लगी टोटी भी अपने साथ लेकर चले गए. लखनऊ के 5 कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मीडिया भी पहुंचा. सीएम के बंगले को दिखाकर बताया गया कि जहां जहां टूट हुई है वहां लगी टोटियों को पूर्व सीएम अखिलेश यादव अपने साथ लेकर चले गए हैं. बीजेपी ने इसको मुद्दा बनाकर समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव को निशाना बनाना शुरू कर दिया. सपा ने जवाब दिया लेकिन बीजेपी ने टोटी के नाम पर अखिलेश यादव पर खूब हमला किया. समाजवादी पार्टी के मुखिया भी टोटी चोरी के आरोपों को अब तक नहीं भूले हैं. जब आरोप लगा था तब एक पीसी में वो टोटी लेकर आए थे. उसके बाद भी कई बार उन्होंने बीजेपी पर झूठा आरोप लगाकर बदनाम करने का आरोप लगाया. कुछ महीनों पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने साफ़ कहा कि एक रिटायर्ड आईएएस अधिकारी और सीएम के एक पूर्व ओएसडी ने टोटी चोरी की कहानी गढ़ी थी. अगर सपा की सरकार आई तो इन दोनों लोगों को यूपी छोड़कर भागना पड़ेगा.

भारतीय जनता पार्टी गाहे बगाहे टोटी के नाम पर सपा और अखिलेश यादव पर हमले करती रहती है. सीएम योगी के बयान के बाद जिस तरह का जवाब सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिया है, वो बताता है कि बीजेपी और सपा में इस वक़्त किस तरह का आरोप प्रत्यारोप का दौर चल रहा है. अभी विधानसभा चुनाव में लगभग 7-8 महीने बचे हैं लेकिन ये आरोप बता रहे हैं कि यूपी की लड़ाई कितनी बड़ी है और इस लड़ाई में आरोप सिर्फ राजनैतिक ही नहीं बल्कि व्यक्तिगत भी लगेंगे.

# तीन वर्ष में लगाए तीन करोड़ पौधे, सरकार के हुए करोड़ो खर्च मगर जंगल के क्षेत्र का नही हुआ विस्तार

## कागजो पर लक्ष्य पूरे, मगर संरक्षण पूरी तरह से फेल; सूखते पौधों ने खोल दी पौधरोपण अभियान की पोल



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

उरई। विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले में एक ओर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पौधारोपण की वास्तविक स्थिति इन दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। हर वर्ष लाखों पौधे लगाने के लक्ष्य पूरे किए जाते हैं, लेकिन उनकी देखरेख और संरक्षण के अभाव में बड़ी संख्या में पौधे कुछ ही समय बाद नष्ट हो जाते हैं। नतीजा यह है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद जिले में अपेक्षित हरियाली दिखाई नहीं दे रही है और पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य अधूरा नजर आ रहा है।

जिले में पिछले तीन वर्षों के दौरान लगभग तीन करोड़ पौधे लगाए जाने का दावा



किया गया है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024-25 में 92.40 लाख पौधे लगाए गए, वर्ष 2025-26 में 92.60 लाख पौधारोपण का लक्ष्य पूरा किया गया, जबकि वर्ष 2026-27 में 87.97 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन आंकड़ों को देखें तो जिले में हर तरफ हरियाली दिखाई देनी चाहिए थी, लेकिन जमीनी स्थिति इससे बिल्कुल अलग दिखाई देती है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक अनेक स्थानों पर लगाए गए पौधे सूख चुके हैं। कई जगह पौधों की सुरक्षा के लिए लगाए गए ट्री गार्ड टूटे हुए या जर्जर हालत में हैं। कुछ स्थानों पर ट्री गार्ड तो मौजूद हैं, लेकिन उनके भीतर पौधे नहीं हैं। इससे यह सवाल उठ रहा है कि पौधारोपण के बाद उनकी निगरानी और रखरखाव की जिम्मेदारी आखिर किसकी है। विशेष रूप से उरई हाईवे डिवाइडर और सड़क किनारे लगाए गए पौधों की स्थिति चिंताजनक है। कई पौधे पानी और संरक्षण के अभाव में सूख गए हैं। गर्मी के मौसम में सिंचाई की समुचित व्यवस्था न होने के कारण पौधों का जीवित रहना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पौधारोपण अभियान के दौरान तो बड़े पैमाने पर फोटो सेशन और प्रचार-प्रसार होता है, लेकिन उसके बाद पौधों की सुध लेने वाला कोई नहीं रहता। जिले में बीते वर्षों में विकास परियोजनाओं के नाम पर हजारों पेड़ों की कटाई भी हुई है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, राष्ट्रीय राजमार्गों के चौड़ीकरण, फोरलेन निर्माण और अन्य परियोजनाओं के लिए बड़ी संख्या में परिपक्व वृक्षों को काटा गया। पर्यावरणीय नियमों के अनुसार प्रत्येक कटे हुए पेड़ के बदले कई पौधे लगाए जाने चाहिए और उनके जीवित रहने की जिम्मेदारी भी संबंधित विभागों की होती है। लेकिन कई स्थानों पर न तो पर्याप्त संख्या में पौधे दिखाई देते हैं और न ही उनके संरक्षण की कोई प्रभावी व्यवस्था नजर आती है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी वृक्षारोपण अभियान की सफलता पर सवाल उठ रहे हैं। ग्राम पंचायतों, विद्यालय परिसरों, सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए पौधों का बड़ा हिस्सा नष्ट हो चुका है। ग्रामीणों का आरोप है कि पौधारोपण केवल कागजी लक्ष्य पूरा करने तक सीमित रह गया है। पौधे लगाने के बाद न तो नियमित सिंचाई होती है और न ही उनकी सुरक्षा के लिए कोई स्थायी व्यवस्था की जाती है। पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि केवल पौधारोपण की संख्या बढ़ाना पर्याप्त नहीं है। वास्तविक सफलता पौधों के जीवित रहने और वृक्ष बनने पर निर्भर करती है। यदि लाखों पौधे लगाने के बावजूद वे कुछ महीनों में ही सूख जाएं तो पूरा अभियान केवल सरकारी आंकड़ों तक सीमित होकर रह जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार पौधों के संरक्षण के लिए अलग बजट, नियमित मॉनिटरिंग और जवाबदेही तय किए बिना वृक्षारोपण अभियान अपेक्षित परिणाम नहीं दे सकता। जिले में कई स्थानों पर पौधारोपण के नाम पर खर्च किए गए धन की पारदर्शिता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि लगाए गए पौधों की वास्तविक संख्या और उनकी जीवित रहने की स्थिति का स्वतंत्र सत्यापन कराया जाए तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। उनका मानना है कि केवल लक्ष्य पूरा करने की बजाय पौधों की सर्वाइवल रेट को अभियान की सफलता का आधार बनाया जाना चाहिए। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रत्येक वर्ष लगभग 15 से 20 प्रतिशत पौधे विभिन्न कारणों से नष्ट हो जाते हैं। विभाग के अनुसार ऐसे पौधों का सत्यापन कराकर दोबारा रोपण कराया जाता है और अधिकतम पौधों को जीवित रखने के लिए लगातार प्रयास किए जाते हैं। अधिकारियों का दावा है कि पौधों की निगरानी और संरक्षण के लिए विभागीय स्तर पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं। हालांकि धरातल पर दिखाई देने वाली तस्वीर विभागीय दावों से मेल नहीं खाती। यदि तीन वर्षों में लगभग तीन करोड़ पौधे लगाए गए हैं तो जिले के पर्यावरणीय परिदृश्य में बड़ा बदलाव दिखाई देना चाहिए था। लेकिन सूखे पौधे, खाली ट्री गार्ड और कम होती हरियाली यह संकेत दे रहे हैं कि वृक्षारोपण के साथ-साथ संरक्षण व्यवस्था में गंभीर खामियां मौजूद हैं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर यह मुद्दा फिर चर्चा में है कि आखिर करोड़ों रुपये खर्च कर चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियानों का वास्तविक लाभ जनता और पर्यावरण को कितना मिल रहा है। जब तक पौधों के संरक्षण की जवाबदेही तय नहीं होगी और उनके जीवित रहने की नियमित समीक्षा नहीं होगी, तब तक हर वर्ष लाखों पौधे लगाने के दावे केवल सरकारी फाइलों और आंकड़ों तक सीमित रहने का खतरा बना रहेगा। जिले की जनता अब यह जानना चाहती है कि आखिर तीन करोड़ पौधे लगाने के बाद भी हरियाली का सपना अधूरा क्यों है।

- **बीच मे जो अधिकारियों की कड़ी है कागजो की आंकड़े बाजी से लेकर मोटी रकमें बनाने के वो हैं सिद्ध हस्त**
- **वृक्षारोपण पर करोड़ों खर्च, फिर भी धरातल पर सूख रहे पौधे; विश्व पर्यावरण दिवस पर उठे बड़े सवाल**

- **कटे हजारों पेड़, बदले में लगाए पौधों का नहीं दिख रहा वजूद**
- **जिम्मेदार अधिकारियों ने बना लिए करोड़ों रुपए, पौधे कागजो पर फल फूल रहे हैं, जंगल तो पेड़ों से खाली है हरियाली को तरस रही जनता**
- **पर्यावरण दिवस पर होने वाले वृहद पौधारोपण अभियान का न सरकार को न ही जनमानस को मिल पा रहा है कोई लाभ**

# ग्राम लाडूपुरा में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम लाडूपुरा में शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों तथा राधे-राधे और जय श्री कृष्ण के जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया।पूरे विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद निकाली गई कलश यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर कथा स्थल तक पहुंची। सिर पर कलश धारण किए महिलाओं की लंबी कतार यात्रा का मुख्य आकर्षण रही। ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा



कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया तथा जलपान की व्यवस्था भी की गई।श्रीमद्भागवत कथा का वाचन कथावाचक पंडित राममोहन शास्त्री द्वारा किया जा रहा है। कथा के प्रथम दिवस उन्होंने भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मानव जीवन को आध्यात्मिक दिशा देने वाला माध्यम है। कथा श्रवण से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है और समाज में प्रेम, भाईचारा एवं सद्भाव की भावना मजबूत होती है।कथावाचक ने राजा परीक्षित और शुकदेव मुनि के प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान की भक्ति से जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। कथा पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए और कथा श्रवण कर भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, कैलिया थाना अध्यक्ष अवनीश पटेल, पूर्व बार संघ अध्यक्ष नवल किशोर जाटव, अशोक कुमार, राजेंद्र प्रसाद एडवोकेट, अरुण कुमार, ग्राम प्रधान अमित कुमार, संतोष कुशवाहा, जगमोहन, नरेश, वीरेंद्र जाटव, वीरेंद्र निरंजन, वीरेंद्र सिंह, हरिमोहन, राहुल, देवेश, सज्जीत एडवोकेट, दिनेश एडवोकेट, डॉ. आवेश जाटव, अशोक जाटव, रामजी, कृष्ण गोपाल, दिनेश पाल, अंशुल, रविंद्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयीं 28 शिकायतें मौके पर 7 का ही हो सका निस्तारण

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील सभागार में न्यायिक उपजिलाधिकारी/प्रभारी तहसीलदार वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कुल 28 फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं से सम्बंधित प्रार्थना पत्र अधिकारियों को सौंपे जिस पर अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुना और निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देशित किया कि आई हुई शिकायतों का समय वद्ध एवं गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें एसडीएम ने यह भी कहा कि शिकायतों के निस्तारण में सम्बंधित लोगों को मौके पर बुलाकर पारदर्शी तरीके से समस्या का निस्तारण करें जिससे दुबारा फरियादी उक्त समस्या को लेकर न आये वहीं आयी हुई शिकायतों में से मौके पर 7 शिकायतों का निस्तारण करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दास्त नही होगी और अगर मांनीटरिंग के दौरान कोई भी कमी पायी जाती है तो सम्बंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यबाही की जाएगी। इस अवसर पर नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह,क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद उपखण्ड अधिकारी विधुत धर्मेंद्र कुमार, पूर्ति निरीक्षक मनोज तिवारी, नगर बाल विकास से भारती, सीमा निरंजन, नलकूप से मनोज कुमार, सिंचाई विभाग से दीपक चौहान, नगर शिक्षा विभाग से राहुल शर्मा, पालिका से शिवम ताम्रकार, कोतवाली कोंच से अशोक कुमार, कैलिया से थानाध्यक्ष अवनीश पटेल, रेढर से ओम सिंह, नदीगांव से श्याम बिहारी, थाना एट से शिव शंकर, कोटरा से राम विलास सहित तमाम विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## विधायक खेल महोत्सव प्रीमियर लीग का समापन आज

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष करेंगे खिलाडियो का उत्साह वर्धन

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम तीतरा खलीलपुर में आयोजित विधायक खेल महोत्सव प्रीमियर लीग का भव्य समापन 7 जून को होने जा रहा है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्यमंत्री पंकज चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे। समापन समारोह को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

विधायक खेल महोत्सव के आयोजक एवं माधौगढ विधायक मूलचन्द्र निरंजन ने शनिवार को पत्रकारो को जानकारी देते हुए बताया कि क्रिकेट प्रीमियर लीग की शुभारंभ 20 मई से हुआ था। प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न टीमों ने भाग लेकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया। लगभग दो सप्ताह तक चले इस खेल महोत्सव का फाइनल मुकाबला 7 जून को आयोजित किया जाएगा, जिसके बाद विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया जाएगा।विधायक मूलचन्द्र निरंजन ने बताया कि खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने तथा उन्हें खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और समापन समारोह को सफल बनाएं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की उपस्थिति कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान करेगी।

## खेत से गाय भगाने को लेकर विवाद, दंपत्ति के साथ मारपीट एवं बाइक तोड़ने का लगाया आरोप

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुदरा बुजुर्ग में खेत से गायों को भगाने को लेकर शुरू हुए विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप धारण कर लिया। पीड़िता आरती ने पुलिस से शिकायत कर गांव के कई लोगों पर उसके पति कृष्णपाल सिंह के साथ मारपीट करने तथा बीच-बचाव करने पहुंचने पर उसके साथ भी अभद्रता और मारपीट करने का आरोप लगाया है।पुलिस मामले की हकीकत जानने के लिए जांच-पड़ताल मे लगी है।

जानकारी के अनुसार खेत में घुसी गायों को भगाने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर दूसरे पक्ष के लोग एकजुट होकर मौके पर पहुंच गए और कृष्णपाल सिंह के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर जब उनकी पत्नी आरती बीच-बचाव के लिए पहुंची तो उसके साथ भी धक्का-मुक्की और मारपीट की गई।पीड़िता का आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों से हमला कर दंपति को घायल कर दिया। इतना ही नहीं,आरोपियों ने मौके पर लाइसेंसी बंदूक लहराकर जान से मारने की धमकी भी दी जिससे परिवार में दहशत फैल गई। आरोप है कि जाते समय हमलावरों ने उनकी मोटरसाइकिल में भी तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया।घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

### सुनो कोतवाल की

कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह का कहना है कि मामले की सूचना प्राप्त हुई है और शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है। घटनास्थल और दोनों पक्षों से जानकारी जुटाई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक गिर जाने से दंत चिकित्सक डॉ महेश कुमार गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल रेफर

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के महेशपुरा रोड स्थित कैलिया बाईपास पर शुक्रवार देर रात एक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे बाइक सवार दंत चिकित्सक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार डॉ महेश कुमार उम्र 35 पुत्र मिथलेश कुमार, जो पेशे से दंत चिकित्सक हैं, देर रात स्टेट बैंक के पास स्थित अपने क्लीनिक से काम कर अपने घर गिरवर नगर परती जा रहे थे। इसी दौरान महेशपुरा रोड और कैलिया बाईपास के पास उनकी मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आई।घटना के बाद मौके से गुजर रहे राहगीरों ने घायल चिकित्सक को अपनी मोटरसाइकिल से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां तैनात चिकित्सक डॉ. रामकरन गौर ने उनका प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने के कारण डॉ. गौर ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया।

## आई ए एस जॉइंट मजिस्ट्रेट पहली बार रिकॉर्ड 168 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराईं आठ शिकायतों का मौके पर निस्तारण

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई** । ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता और सीओ शैलेंद्र बाजपेई की उपस्थिति में तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पहली बार रिकॉर्ड 168 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराईं। आठ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

तहसील सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में इस बार रिकॉर्ड 168 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। जिनमें राज्सव विभााग, विकास विभाग, जल संस्थान, नगर पालिका, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, ब्लॉक, डूडा आदि से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई गईं। इस बार पूर्ति विभाग से संबंधित कोई भी शिकायत नहीं आई। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की आठ शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। 24 शिकायतों के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों की टीम गठित कर तीन दिन में मौके पर जाकर उसका निस्तारण करने के निर्देश ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने अधिकारियों को दिए। इस दौरान कई फरियादी ऐसे भी रहे जो पूर्व में भी शिकायत कर चुके थे, लेकिन उनकी शिकायतों का निस्तारण नहीं हुआ अथवा निस्तारित की गई शिकायतों से वह संतुष्ट नहीं थे। ऐसे में एसडीएम ने अधीनस्थों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की हीला हवाली कतई बर्दाश्त नहीं होगी। शिकायत के निस्तारण में यह भी उल्लेख करें कि शिकायतकर्ता निस्तारण से संतुष्ट है अथवा नहीं। इस मौके पर एसडीएम न्यायिक विश्वेश्वर सिंह, तहसीलदार तारा शुक्ला, ईओ सुशील कुमार, बीडीओ प्रशांत कुमार, जेई जल संस्थान आलोक श्रीवास्तव आदि रहे।

## चूल्हे से निकली चिंगारी से आग से घर में लगी आग, गृहस्थी का सामान हुआ खाक

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** चूल्हे से निकली चिंगारी से आग से घर में रखे गद्दे कपड़े और गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित गृहस्वामी ने एसडीएम को सूचना दी। मोहल्ला नया रावतान निवासी पुजारी सत्यप्रकाश ने बताया कि उनके दो मकान है। सुबह करीब 11 बजे वह एक मकान पर खाना खाने के लिए चले गए। इसी दौरान दूसरे मकान पर चूल्हे की चिंगारी से उनके मकान में आग लग गई। आग लगने घर में रखे गद्दे, कपड़े, बर्तन और अन्य घर गृहस्थी का सामान जल गया। खाना खाते समय पड़ोसियों ने उन्हें आग लगने की सूचना दी। जब वह मकान पर पहुंचे तो घर में रखा सामान जल रहा था। जिसके उन्होंने मोहल्ले के लोगों के साथ मिकलर सबमर्सिबल पंप और बाल्टियों से पानी डालकर आग पर काबू पाया। इसके बाद भी घर में रखा सामान जल गया। आग में सामान जलने से उन्हें करीब 20000 रुपये का नुकसान हुआ है।

## बिजली न आने से खेतो की नही हो पा रही सिंचाई

### खेतो में खडी धान की फसल सूखने की कगार पर

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम विरगुवां बुजुर्ग के किसानों ने खेतों में खड़ी धान की फसल सूखने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कर प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। किसानों का कहना है कि पिछले माह आई तेज आंधी और तूफान में विद्युत पोल टूट जाने से गांव और खेतों की बिजली आपूर्ति बाधित है, जिससे सिंचाई कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

किसानों द्वारा न्यायिक एसडीएम वीरेंद्र सिंह को दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया कि 20 मई को आए आंधी-तूफान के दौरान क्षेत्र में कई बिजली के पोल क्षतिग्रस्त हो गए थे। इसके बाद ग्रामीणों ने कई बार बर-चन्द्र कुआं स्थित विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचकर एसडीओ से नए पोल लगवाने और बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका।ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों द्वारा सुनवाई न किए जाने पर उन्होंने ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद एसडीओ ने फोन पर 24 घंटे के भीतर नए पोल लगवाकर बिजली व्यवस्था सुचारु करने का आश्वासन दिया था, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई।किसानो का कहना है कि बिजली न मिलने से ट्यूबवेल संचालित नहीं हो पा रहे हैं, जिसके कारण खेतों में खड़ी धान की फसल सूखने लगी है। किसानों ने कहा यदि जल्द बिजली व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा और फसल उत्पादन पर गंभीर असर पड़ेगा।शिकायतकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित विद्युत अधिकारियों को तत्काल नए बिजली पोल लगवाकर आपूर्ति शुरू करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि समय पर सिंचाई हो सके और फसल को बचाया जा सके। वहीं न्यायिक एसडीएम वीरेंद्र गुप्ता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शिकायती पत्र विद्युत विभाग के एसडीओ धर्मेंद्र कुमार को अग्रसारित कर ग्रामीणों की समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## आईजीआरएस पर दर्ज हो रही शिकायतों की झूटी जांच आख्या

### शिकायतकर्ता ने डीएम से शिकायत की निस्तारण अख्या की निष्पक्ष जांच कराने की मांग

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायत को भ्रामक बताते हुए शिकायतकर्ता ने डीएम को शिकायती पत्र भेजा है। जिसमें निस्तारण अख्या की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। मोहल्ला शाहगंज निवासी खालिद रहमानी ने डीएम राजेश पांडेय को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उन्होंने मोहल्ले में कम बिजली आपूर्ति होने, लो वोल्टेज और मोहल्ला शाहगंज को ग्रामीण फीडर के स्थान पर नगर के फीडर से जोड़ने की मांग करते हुए आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके निस्तारण में बिजली निगम द्वारा जो आख्या प्रस्तुत की गई है, वह वास्तविक स्थिति से मेल नहीं खाती। आरोप लगाया कि विभागीय आख्या में मोहल्ले के केवल करीब 20 उपभोक्ताओं द्वारा नियमित रूप से बिजली बिल जमा करने का उल्लेख किया गया है, जबकि मोहल्ले में इससे कहीं अधिक संख्या में उपभोक्ता नियमित रूप से बिल का भुगतान कर रहे हैं। कई घरों में स्मार्ट मीटर भी लगे हुए हैं जिनमें समय से बिल जमा हो रहा है। दूसरी ओर निगम की ओर से लगभग 20 घंटे विद्युत आपूर्ति मिलने की बात कही गई है, जबकि मोहल्ले में बार-बार बिजली कटौती, फाल्ट और अनियमित आपूर्ति की समस्या बनी रहती है। बमुश्किल 12 से 15 घंटे बिजली मिलती है। उन्होंने दावा किया कि वह स्वयं प्रतिदिन बिजली आपूर्ति और कटौती का रिकॉर्ड तैयार कर रहे हैं, जिससे वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती है। उन्होंने मांग की है कि बिजली निगम द्वारा प्रस्तुत आख्या की स्थलीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही बिजली आपूर्ति, कटौती के रिकॉर्ड और उपभोक्ताओं के बिल भुगतान की स्थिति का सत्यापन कराया जाए। साथ ही मोहल्ला शाहगंज को ग्रामीण फीडर के स्थान पर नगर क्षेत्र के फीडर से जोड़ने की भी मांग की है।

## हजरत कमाल शाह सैयद वली का सालाना उर्स धूमधाम से मनाया गया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । कोंच रोड पर लहचूरा के पास हजरत कमाल शाह सैयद वली का सालाना उर्स धूमधाम से मनाया गया। सुबह जहां मजार पर अकीदत के साथ चादर पेश की गई और दुआएं मांगी गई तो रात में कब्वाली का आयोजन हुआ। लोगों ने मेले व कव्वाली का जमकर लुत्फ उठाया।



हजरत कमाल शाह सैयद वली का मजार जालौन से कोंच रोड पर लहचूरा के पास स्थित है। मजार पर हर साल उर्स का आयोजन होता है। लोगों ने सुबह से ही मजार पर पहुंचकर चादरपोशी कर दुआएं मांगीं। खास बात यह है कि यह इस उर्स में सभी धर्म के लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। मुल्क में अमन शांति और खुशहाली की दुआएं मांगी गई। इस दौरान मेले का भी आयोजन किया गया। जहां अकीदतमन्दों ने विभिन्न वस्तुओं की खरीदारी की। उर्स में आए कव्वाल उजाला परवीन कानपुर व लतीफ अजमेरी के बीच रात में जबावी मुकाबला हुआ। जिसका मौजूद लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। उजाला परवीन ने पढ़ा क्यों न मेरी दुआएं कुबूल हों जब मांगती हूं खुदा से मुहम्मद के नाम से और पढ़ा पैदा होते ही मुहम्मद के रहमत की बरसात हो गई। इस दौरान पूर्व मंत्री हरिओम उपाध्याय भी कब्वाली के प्रोग्राम में पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि इस उर्स में जो गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिली यह काबिले तारीफ है। इस मौके पर क्षेत्रीय सांसद नारायणदास अहिरवार, अध्यक्ष शिवराम तोमर, रज्जन शाह, फूल शाह, कमल शाह, मुन्ना शाह, अखिलेश, जाकिर सिद्दीकी, सुहेल सिद्दीकी, रामनरेश, धीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने डीएम से पीएचसी में आकस्मिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरिया सलेमपुर में आकस्मिक (इमर्जेंसी) चिकित्सा सुविधा का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने डीएम से पीएचसी में आकस्मिक चिकित्सा सुविधा का लाभ उपलब्ध कराने की मांग की है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी रणजीत सिंह, मानसिंह, कुलदीप आदि बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरिया सलेमपुर में रात के समय आकस्मिक चिकित्सा सुविधा (इमर्जेंसी सेवा) उपलब्ध नहीं रहती है। जालौन भिंड मार्ग अंतर्राज्यीय होने के कारण रात में काफी वाहन निकलते हैं इसके अलावा बुंदेलखंड एक्सप्रेस भी इसी गांव के पास से निकला है। मिहौना और जालौन का कट भी इसी मार्ग पर है। ऐसे में अक्सर इस मार्ग पर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। जब छिरिया सलेमपुर स्थित नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर घायल पहुंचते हैं तो रात के समय उन्हें इलाज की सुविधा नहीं मिलती है। दुर्घटनाओं में घायल लोगों को उपचार मिलने में देरी होती है। उन्हें जालौन स्थित सीएचसी केंद्र लाना पड़ता है। ऐसे में कभी कभार हादसे जानलेवा भी हो जाते हैं। यदि उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर आकस्मिक चिकित्सा सुविधा मिले तो लोगों की जान बच सकती है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से जनहित में रात के समय रोड पर स्थित पीएचसी छिरिया सलेमपुर में आकस्मिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

## मोहर्रम के दौरान पूरे नगर की बिजली आपूर्ति बंद किए जाने की व्यवस्था समाप्त करने की मांग

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** मोहर्रम के दौरान पूरे नगर की बिजली आपूर्ति बंद किए जाने की परंपरा समाप्त कर केवल जुलूस मार्ग तक ही विद्युत कटौती सीमित किए जाने की मांग नगरवासियों ने ऊर्जा मंत्री को पत्र भेजकर की है। नगर के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी अशफाक राईन, जावेद, विनय निगम आदि ने ऊर्जा मंत्री को पत्र भेजकर लिखा कि मोहर्रम के अवसर पर नगर क्षेत्र में ताजिया एवं छड़ आदि के जुलूस निकाले जाते हैं। सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर हर वर्ष पूरे नगर की विद्युत आपूर्ति कई घंटों के लिए बंद कर दी जाती है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में नगर में विद्युत लाइनों के नवीनीकरण, केबलिंग और अन्य सुरक्षा संबंधी कार्यों पर बड़ी धनराशि खर्च की जा चुकी है। इसके बावजूद पूरे नगर की बिजली आपूर्ति बंद करना उचित नहीं है। लंबे समय तक बिजली कटौती होने से व्यापारियों, विद्यार्थियों, मरीजों, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। भीषण गर्मी के मौसम में यह समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है। उन्होंने कहा कि आधुनिक और सुरक्षित विद्युत व्यवस्था उपलब्ध होने के बावजूद पूरे नगर को अंधेरे में रखना जनहित में उचित नहीं है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि यदि सुरक्षा कारणों से बिजली आपूर्ति बंद करना आवश्यक हो तो केवल उसी मार्ग अथवा क्षेत्र की बिजली अस्थायी रूप से बंद की जाए, जहां से जुलूस गुजर रहा हो।

# साजिश का शिकार होकर नेपथ्य में जा चुके सुदामा दीक्षित अपने राजनैतिक गार्जियन मंत्री मनोज पांडेय के जनपद आगमन से फिर से उछल कर आ गए राजनेतिक क्षितिज पर

## घनिष्ठ पारिवारिक सम्बंधो का एहसास पूरी तरह से करा गए मनोज पांडेय

( यंग भारत न्यूज )

**उरई** । उत्तर प्रदेश में सबसे युवा ब्लॉक प्रमुख होने का गौरव प्राप्त कर चुके भाजपा का के वरिष्ठ नेता सुदामा दीक्षित भाजपा के कुछ नेताओ की साजिश का शिकार हो जाने बाद दीक्षित ने कभी हार नहीं मानी उनके हर संघर्ष में कठिन से कठिन दौर में बडी संख्या में युवा हमेशा उनके साथ बने रहे द्य चाहे आटा के पं बेनी माधव तिवारी इंटर कालेज मे द्य श्च रुदिन रात का 20-20 का मैच रहा हो,जिसमे सुदामा दीक्षित कालपी विधान सभा क्षेत्र कै 326 गांवों मे11-- 11 खिलाडी युवाओ की टीम खडी कर सभी खिलाडियो को बैट बाल और खिलाड़ी की ड्रेस सहित पूरी किट दी थी द्य इस दौरान प्रतिदिन खेल में हजारो की भारी भीड उमड़ती थी द्य इससे सुदामा दीक्षित ने अपनी संगठन क्षमता का लोहा मनवा लिया था द्य माधौगढ़ में ब्लॉक प्रमुख के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को जीतने के लिए जिस तरह से सुदामा दीक्षित सीओ और पुलिस कर्मियों से लड गए थे वह भी उनका जुझारू पन कीचर्चा का विषय बना थाद्य भाई सुदामा दीक्षित और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती नम्रता तिवारी दीक्षित और क्षीर सागर परिवार ने अपने, ' अपनत्व, ' संगठन के बैनर तले जिस तरह से 150 गरीब और बेसहारा बच्चों को गोद लेकर उनकी शिक्षा दीक्षा उनके कपड़े तथा उनकी फीस का इंतजाम किया है,द्य प्रदेश में वह एक अनूठा उदाहरण है,द्य पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और वर्तमान में तेलांगना के राज्यपाल महामहिम शिव प्रसाद शुक्ला जी ने उरई में एक कार्यक्रम मेंसमाजिक सेवा के इस कार्य कीबहुत प्रशंसाकी थी,इस तरह भाजपा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुनील बंसल जब उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री थे तब सुदामा दीक्षित ने आटा में अपने पं बेनी माधव तिवारी विधालय उनका इतना शानदार स्वागत और अभिनंदन किया था द्य जैसा किसी संगठन मंत्री का इतना भव्य स्वागत समारोह देखने को नहीं मिलता द्य सुदामा दीक्षित ने अपने अभिभावक और कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडे का 5 जून को उरई में उनके प्रथम आगमन पर जिस तरह से अभूतपुर ढंग से नागरिक अभिनंदन करवाया वह मेरे पत्रकारिता के उरई के 34 वर्ष के दौरान किसी मंत्री का किसी के भी द्वारा ऐसा भव्य स्वागत आज तक नहीं हुआ द्य किसी नागरिक अभिनंदन में सजे हुए ऊंट घोड़े बैलगाड़ी तथा 300 ई रिक्शा में सवार युवाभाजपा के कार्यकर्ताओं नेता थेद्य ई रिक्शा के माध्यम से सुदामा दीक्षित नेप्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी पेट्रोल डीजल को बचाने की सलाह का भी पालन कियाद्य जिस तरह से दिल्ली में सुदामा दीक्षित के अभिभावक मंत्री मनोज कुमार पांडे ने भाजपा के मंत्रियों शीर्ष नेताओं से मिलवाया और सुदामा से उनके प्रगाढ रिश्ते होने का परिचय करवाया द्यइससे लगभग निश्चित है आने वाले समय में सुदामा भाजपा की राजनीति में कुछ ना कुछ बड़ा होने वाले हैं द्य और अंत में एक संस्मरण के साथ अपनी बात समाप्त करता हूं मेरे एक बहुत आत्मीय वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सेवानिवृत्ति अपर मुख्य सचिव एल वेंकटेश्वर लू जब जनपद जालौन के जिला अधिकारी थे द्य तब उन्होंने मुझसे कहा था प्रदेश में जिसकी सत्ता होती है उसके हीडीएम और एसपी होते कैसी विडंबना है की जो अधिकारी कल साजिश के तहत शिकारबनाए गए सुदामा दीक्षित को जेल भिजवाने में पूरी सक्रियता से लगे थेद्य कल वही सुदामा जी सुदामा जी कहकर उनके को अपने बगल में सोफे में बैठाने को आतुरहेंगे।

# कैबिनेट मंत्री मनोज पाण्डेय का शिवसेना एनडीए गठबंधन ने भी किया स्वागत

## विश्व पर्यावरण दिवस पर किया गया वृक्षारोपण

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )**। उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद विभाग के कैबिनेट मंत्री माननीय मनोज कुमार पांडेय के उरई आगमन पर मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित स्वागत एवं अभिनंदन समारोह में शिवसेना (एनडीए) के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में शिवसेना के झांसी मंडल उपाध्यक्ष मिथलेश कुमार एवं जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार आर्य के नेतृत्व में मंत्री का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा उन्हें राधा-कृष्ण का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडेय ने एनडीए के सभी घटक दलों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, जनसंपर्क बढ़ाने तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता की समस्याओं के समाधान हेतु सक्रिय भूमिका निभाने की अपील भी की।इसी क्रम में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शिवसेना (एनडीए) द्वारा ग्राम धरगुवां में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। शिवसेना (एनडीए) के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार आर्य एवं झांसी मंडल उपाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण का सबसे प्रभावी माध्यम है तथा प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए।कार्यक्रम में मनोज कुमार राजपूत, शिवकुमार पाल, भूप सिंह, मुकेश राजपूत, शंकर राजपूत, देवेंद्र सिंह, राहुल, मनोज सहित अनेक शिवसैनिक उपस्थित रहे।



# कैरोसिन की कालाबाजारी के एक मुकद्में ने वांछित दो अभियुक्तों को एंटी करप्शन कानपुर की टीम ने घर के पास से उठाया

**कालपी जालौन 6 जून**। शनिवार दिन एंटी करप्शन टीम कानपुर ने विभाग में दर्ज मुकदमे में कई सालों से दो अभियुक्त वांछित चल रहे थे वहीं अदालत के वारंट से दोनों वारंटी अभियुक्तों को निज निवास दरवाजे के बाहर से गिरफ्तार किया तथा 7 जून दिन रविवार को संबंधित अदालत झांसी में प्रस्तुत कर जेल भेजने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

विदित हो कि वर्ष 2019 में मिट्टी के तेल पर काला बाजारी से आई हुई धनराशि भ्रष्टाचारियों की गई थी उक्त संबंध में अभियुक्तों के खिलाफ करप्शन टीम कानपुर कार्यालय में मुकदमा दर्ज कर जांच चल रही थी जांच दौरान साक्ष्य आधार पर अभियुक्तों को मुकदमे में सही पाया गया उक्त मुकदमे में वर्ष 2019 से लगभग सात सालों से वांछित चल रहे कई बार अदालत से नोटिस आने के बावजूद भी अभियुक्त संबंधित अदालत में हाजिर नहीं हुए वहीं अदालत से वारंट लेकर कानपुर टीम के निरीक्षक राजीव कुमार मिश्रा निरीक्षक मोहम्मद साबिर आदि टीम ने अभियुक्तों के निज निवास दरवाजे में पहुंचकर राम चबूतरा निवासी अभियुक्त राकेश पुरवार पुत्र पुष्कर नारायण पुरवार दूसरा वारंटी अभियुक्त रविंद्र गुप्ता उर्फ मीनू पुत्र लाला रामस्वरूप गुप्ता निवासी टरननगंज कालपी समेत दोनों वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कोतवाली कालपी कार्यालय में बैठाकर पूछताछ की टीम ने बताया कि रविवार को दोनों वांछित वारंटी अभियुक्तों को अदालत से संबंधित झांसी जेल में भेजेंगे।

# बुंदेलखंड में दमखम के साथ चुनाव लड़ेगा अपना दल-हाफिज मुवीन

## अपना दल (कमेरावादी) के राष्ट्रीय प्रतिनिधि मंडल ने किया जिले का दौरा, समीक्षा बैठक कर दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई जालौन**। अपना दल (कमेरावादी) के राष्ट्रीय महासचिव व कार्यकारणी सदस्य ने शनिवार को जिले का दौरा किया। दो विधानसभा क्षत्रों के दौरे पर निकले संगठन के पदाधिकारियों ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जिले में संगठन की नब्ज टटोली। साथ ही उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आगामी विधानसभा चुनाव को बुंदेलखंड में दमखम के साथ लड़ने की बात कही।

शहर के अजनारी रोड स्तिथ कृष्णा धाम में शनिवार को अपना दल के राष्ट्रीय महासचिव हाफिज मुहम्मद मुवीन, राष्ट्रीय कार्यकरिणी सदस्य पारुल पटेल व झांसी मंडल अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं संग समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने संगठन की नब्ज टटोलते हुए संगठन को बूथ स्तर से लेकर विधानसभा स्तर तक मजबूत किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने आपको मजबूत समझे। सभी कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में शहर से लेकर गांव तबके तक लोगों को संगठन से जोड़ने का काम करे। पार्टी सोनेलाल पटेल की विचारधारा को लेकर लगातार कार्य कर रही है। जिनकी विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाए। वहीं उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि संगठन में उन्हें बुन्देलखण्ड के दो विधानसभाओ में समीक्षा के लिए भेजा है। इस समीक्षा का उद्देश्य है कि संगठन को अंदरखाने से टटोला जाए कि संगठन बूथ से लेकर विधानसभा स्तर पर किस तरह से मजबूत है। उन्होंने कहा कि पार्टी बुंदेलखंड में दमखम के साथ चुनाव लड़ेगी। वहीं किसी दल से गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन की राजनीति जारी है। यूपी में आगामी विधानसभा चुनाव में किस पार्टी के साथ गठबंधन करना है यह पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष राजमाता कृष्णा पटेल तय करेंगी। इस दौरान मनीष पाल राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य युवा मंच, चंदन पटेल जिलाध्यक्ष झांसी, रामजी पटेल जिलाध्यक्ष जालौन, चित्रांश विकास श्रीवास्तव, नीतीश पटेल सिमिरिया, संदीप पटेल जखौली, अमित पटेल अकोडी, एड भूपेंद्र वैध पूर्व बार संघ अध्यक्ष, डा साधना त्रिपाठी महासचिव बार संघ, अनुज दुवेदी, पवन पटेल, जितेंद्र कुँवरपुरा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में जल संरक्षण की मिसाल बनीं जल सहेलियां, मल्हानपुरा में बनाए गए 04 जल तारा

## - डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण, जल सहेलियों का बढ़ाया उत्साह; जनपद में 1 हजार जल तारा निर्माण का लक्ष्य, 150 पूर्ण

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )**। जल संरक्षण एवं भूजल संवर्धन की दिशा में जनपद में एक अभिनव जनभागीदारी मॉडल विकसित हो रहा है। विकासखंड रमपुरा के ग्राम मल्हानपुरा में जल सहेलियों द्वारा भीषण गर्मी के बीच चार जल तारा संरचनाओं का निर्माण कर वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण की दिशा में सराहनीय पहल की गई है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने ग्राम पहुंचकर जल तारा संरचनाओं का अवलोकन किया तथा जल सहेलियों के कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जल तारा केवल एक संरचना नहीं, बल्कि जल संकट से निपटने का प्रभावी और टिकाऊ समाधान है। इसके माध्यम से वर्षा के जल को संरक्षित कर भूगर्भ में पहुंचाया जाता है, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि होती है तथा जलभराव और मृदा अपरदन जैसी समस्याओं में भी कमी आती है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है और जल सहेलियां इस दिशा में प्रेरणादायक कार्य कर रही हैं।

पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। जल सहेलियों द्वारा किए जा रहे प्रयास न केवल गांवों को जल सुरक्षित बनाएंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अमूल्य धरोहर सिद्ध होंगे। परमार्थ संस्था के सहयोग से वी.बी. जी. राम जी योजना के तहत जनपद में कुल 01 हजार जल तारा संरचनाओं के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिनमें से अब तक 150 जल तारा तैयार किए जा चुके हैं। इन संरचनाओं के माध्यम से वर्षा जल का संरक्षण कर उसे धरती में समाहित किया जा रहा है, जिससे भूजल भंडार का पुनर्भरण सुनिश्चित हो सके। इस दौरान जल सहेलियों ने जल तारा की कार्यप्रणाली, रख-रखाव एवं उसके लाभों की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि नियमित सफाई, सिल्ट हटाने, फिल्टर परतों की जांच तथा जल प्रवाह की निगरानी के माध्यम से इन संरचनाओं को दीर्घकाल तक प्रभावी बनाए रखा जा सकता है।जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से भी जल संरक्षण के इस अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि 'जल है तो कल है' की भावना के साथ प्रत्येक नागरिक को वर्षा जल संचयन एवं जल संरक्षण के प्रयासों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। जनपद में जल तारा जैसी संरचनाएं भविष्य की जल सुरक्षा की मजबूत आधारशिला सिद्ध होंगी। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख रमपुरा अजीत सिंह सेंगर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एच एन प्रसाद, उप जिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीडीओ प्रशांत पाण्डेय, परमार्थ संस्था से संजय कुमार और वरुण सिंह, सहित बड़ी सख्यां में जल सहेली मौजूद रही।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनसमस्याएं, 116 शिकायतों में 34 का मौके पर निस्तारण

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )**। शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने तहसील माधौगढ़ सभागार में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 116 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 34 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर संबंधित फरियादियों को राहत प्रदान की गई, जबकि शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों की टीमों को मौके पर भेजते हुए निर्धारित समयावधि में कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, आपूर्ति, पंचायत, समाज कल्याण तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पूरी संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ किया जाए तथा शिकायतकर्ता को संतुष्ट करते हुए समाधान उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें समयबद्ध न्याय मिले।

- **सुनवाई होने से बढ़ने लगी शिकायते**
- **जनता की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी, लापरवाही पर होगी कार्रवाई- जिलाधिकारी**

पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दास्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायतों के निस्तारण में व्यक्तिगत रुचि लें तथा मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति का परीक्षण करें। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस केवल शिकायत प्राप्त करने का मंच नहीं, बल्कि समस्याओं के प्रभावी समाधान का माध्यम है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी गंभीरता से करें। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एच एन प्रसाद, उप जिलाधिकारी माधौगढ़ विनय कुमार मौर्य, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीडीओ प्रशांत पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुछ दिन की राहत के बाद भीषण गर्मी और उमस से जनजीवन बेहाल, लोगों का घरों से निकलना हुआ मुश्किल

## अब पड़ेगी उमस वाली भीषण गर्मी लगातार

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )**। जनपद सहित पूरे क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी और उमस ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण तापमान लगातार बढ़ रहा है, वहीं उमस के चलते लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। दोपहर के समय सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा दिखाई दे रहा है तथा लोग जरूरी कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं।

गर्मी का सबसे अधिक असर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों पर पड़ रहा है। अस्पतालों में गर्मी से संबंधित बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। चिकित्सकों ने लोगों को अधिक से अधिक पानी पीने, धूप में निकलने से बचने तथा हल्के सूती कपड़े पहनने की सलाह दी है। किसानों और मजदूरों को भी भीषण गर्मी के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खेतों में काम करने वाले श्रमिक सुबह और शाम के समय ही काम करने को मजबूर हैं। वहीं बिजली की बढ़ती मांग के चलते कई क्षेत्रों में आपूर्ति व्यवस्था पर भी दबाव बढ़ गया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आगामी दिनों में भी गर्मी और उमस से तत्काल राहत मिलने की संभावना कम है। प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने तथा आवश्यक होने पर ही दोपहर के समय घरों से बाहर निकलने की अपील की है।

### तेज धूप और उमस से बढ़ी लोगों की परेशानी

दोपहर में बाजारों और सड़कों पर पसरा सन्नाटा चिकित्सकों ने अधिक पानी पीने और धूप से बचने की दी सलाह बच्चों, बुजुर्गों और मजदूरों पर सबसे अधिक असर पड़ता है।

# दो माह से वेतन न मिलने पर आउटसोर्सिंग संविदा कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )**। आउटसोर्सिंग संविदा कर्मियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपते हुए बकाया वेतन दिलाए जाने की मांग की। कर्मचारियों का आरोप है कि टीडी उरई के अंतर्गत विभिन्न विद्युत उपकेंद्रों पर कार्यरत कर्मियों को पिछले दो माह से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।

ज्ञापन में बताया गया कि एम.एस.आर.के. कॉन्ट्रैक्टर के प्रोपराइटर राजेश पाल के माध्यम से कर्मचारी विभिन्न सब-स्टेशनों पर कार्य कर रहे हैं, लेकिन लंबे समय से वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि वेतन की मांग करने पर उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी भी दी जाती है। संविदा कर्मियों ने कहा कि वे बिजली विभाग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में लगातार सेवाएं दे रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सके, लेकिन वेतन न मिलने से उनके परिवारों के सामने भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने प्रशासन से हस्तक्षेप कर शीघ्र बकाया वेतन का भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की। इस अवसर पर सुघर सिंह, विकास, राघवेंद्र सिंह, राजू, भूपेंद्र, गोटीराम, हर्षित, देवेंद्र कुमार, राहुल, दीपक सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# आंधी तूफान से ध्वस्त विद्युत व्यवस्था को सुचारू करना अभियंताओं के लिए बड़ी चुनौती

## आंधी से ध्वस्त हुई बिजली व्यवस्था, बहाली के लिए रात-दिन जुटा विद्युत विभाग

**-इटोरा फीडर के इमलिया बुजुर्ग में 8 बिजली पोल और 63 केवीए ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त**
**-एसडीओ जितेंद्र प्रसाद स्वयं मौके पर पहुंचे, कर्मचारियों के साथ संभाला मोर्चा**
**-ग्रामीणों, बोरवेल कनेक्शनों और जियो टावर की आपूर्ति बहाल करने के लिए युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य जारी**



( यंग भारत न्यूज )

**कदौरा/जालौन।** जनपद में आई तेज आंधी और खराब मौसम ने विद्युत व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। कई स्थानों पर बिजली के पोल क्षतिग्रस्त हो गए तथा विद्युत लाइनों को नुकसान पहुंचा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। हालात को देखते हुए विद्युत विभाग पूरी सक्रियता के साथ बिजली व्यवस्था को सुचारु करने में जुट गया है।

विद्युत उपखंड कदौरा के उपखंड अधिकारी (एसडीओ) जितेंद्र प्रसाद ने आपदा की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए स्वयं मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य की कमान संभाली। इटोरा फीडर के अंतर्गत ग्राम इमलिया बुजुर्ग में सबसे अधिक नुकसान हुआ है, जहां विद्युत लाइन के आठ पोल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसके अलावा 63 केवीए क्षमता का एक ट्रांसफार्मर भी खराब हो गया है, जिससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। एसडीओ जितेंद्र प्रसाद ने क्षेत्रीय कर्मचारियों एवं लाइन स्टाफ के साथ मिलकर मौके का निरीक्षण किया तथा मरम्मत कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। विभागीय कर्मचारी लगातार फील्ड में रहकर टूटे पोलों को बदलने, तारों को दुरुस्त करने और ट्रांसफार्मर को ठीक करने का कार्य कर रहे हैं। भीषण गर्मी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद कर्मचारी पूरी लगन के साथ व्यवस्था बहाल करने में जुटे हैं। क्षेत्र में संचालित ग्राम पंचायतों के बोरवेल कनेक्शन भी इसी लाइन से जुड़े होने के कारण पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके साथ ही इसी विद्युत लाइन से संचालित जियो टावर की बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई है, जिससे दूरसंचार सेवाओं पर असर पड़ा है। विभाग की प्राथमिकता बोरवेल कनेक्शनों, ग्रामीण उपभोक्ताओं तथा संचार सेवाओं को जल्द से जल्द सामान्य करना है। एसडीओ जितेंद्र प्रसाद ने बताया कि विभागीय टीम लगातार मरम्मत कार्य कर रही है और सभी आवश्यक संसाधन मौके पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों द्वारा दिन-रात मेहनत की जा रही है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शीघ्र विद्युत आपूर्ति मिल सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि मौसम ने साथ दिया तो देर रात तक आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। ग्रामीणों ने भी विद्युत विभाग के प्रयासों की सराहना की है। लोगों का कहना है कि अधिकारियों की सक्रियता और कर्मचारियों की मेहनत से जल्द ही स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि टूटे हुए तारों और क्षतिग्रस्त विद्युत उपकरणों से दूरी बनाए रखें तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत विद्युत विभाग को दें। आंधी जैसी प्राकृतिक आपदा के बीच विद्युत विभाग की तत्परता और फील्ड स्तर पर अधिकारियों की मौजूदगी से प्रभावित क्षेत्रों में राहत पहुंचाने का कार्य तेजी से जारी है। अधिकारियों का कहना है कि जनहित सर्वोपरि है और बिजली व्यवस्था को पूरी तरह सामान्य करने तक अभियान जारी रहेगा।

# मेडिकल कॉलेज में अव्यवस्थाओं का अंबार, प्रधानाचार्य का कक्ष बंद, इंटरनेट सेवा पांच दिनों से ठप

**-शनिवार को अवकाश नहीं, फिर भी प्रधानाचार्य कार्यालय में लटका मिला ताला**
**-सूत्रों का दावा-इंटरनेट बाधित होने से प्रभावित हो रहे प्रशासनिक और चिकित्सकीय कार्य**



( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद के मेडिकल कॉलेज में व्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। शनिवार को नियमित कार्यदिवस होने के बावजूद प्रधानाचार्य कार्यालय में ताला लटका मिला। कॉलेज परिसर पहुंचे लोगों और कर्मचारियों के बीच यह चर्चा का विषय बना रहा कि जब अवकाश घोषित नहीं था तो प्रधानाचार्य कार्यालय बंद क्यों रहा।

मेडिकल कॉलेज के सूत्रों का कहना है कि प्रधानाचार्य डॉ. महेंद्र सिंह का कक्ष बंद मिला और प्रशासनिक गतिविधियां अधीनस्थ कर्मचारियों के भरोसे संचालित होती दिखाई दीं। स्थानीय लोगों और कॉलेज से जुड़े कुछ कर्मचारियों का आरोप है कि कॉलेज की व्यवस्थाएं लगातार प्रभावित हो रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की मौजूदगी सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। सूत्रों के अनुसार मेडिकल कॉलेज में पिछले पांच दिनों से इंटरनेट सेवा भी बाधित चल रही है। इंटरनेट ठप होने से ऑनलाइन पत्राचार, रिकॉर्ड अपडेट, मरीजों से संबंधित डिजिटल कार्यों तथा अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। कर्मचारियों को कई जरूरी कार्यों के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाओं का सहारा लेना पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज से जुड़े लोगों का कहना है कि इंटरनेट सेवा बहाल कराने और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुचारु रखने के लिए प्रभावी प्रयास दिखाई नहीं दे रहे हैं। इससे मरीजों और उनके परिजनों को भी अप्रत्यक्ष रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि इस संबंध में कॉलेज प्रशासन का आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आ सका। प्रधानाचार्य कार्यालय बंद होने के कारण उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो पाया। यदि प्रशासन की ओर से कोई स्पष्टीकरण प्राप्त होता है तो उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 40 शिकायतें पहुंचीं, सात का मौके पर निस्तारण

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई ।** तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। कार्यक्रम में कुल 40 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 7 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 33 शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

तहसीलदार अभिनव तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में भूमि विवाद, अवैध कब्जा, पैमाइश तथा सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। ग्राम हांसा निवासी घनश्याम ने अपनी पट्टे की भूमि से कथित अवैध कब्जा हटवाने की मांग की, वहीं मुमताजाबाद निवासी निजामुद्दीन ने विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने के लिए उच्चाधिकारियों के पूर्व आदेशों का हवाला देते हुए प्रार्थना पत्र सौंपा। इसके अलावा ग्राम बबीना निवासी रामकुमार ने सार्वजनिक स्थानों पर पशु बांधे जाने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी की शिकायत दर्ज कराई, जबकि ग्राम मोहारी निवासी तुलसीराम ने अपनी भूमि की पैमाइश कराने की मांग उठाई। सभी शिकायतों की सुनवाई के बाद तहसीलदार अभिनव तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी प्रक्रिया तक सीमित न रहे, बल्कि उसका प्रभाव धरातल पर भी दिखाई देना चाहिए। उन्होंने प्रत्येक मामले का निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध जवाबदेही तय करने की चेतावनी दी।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से ट्रेक्टर चालक की मौत

## सामने आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** एट थाना क्षेत्र के पिरौना-जागेश्वर धाम मार्ग पर शनिवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबकर मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पिरौना निवासी धर्मेंद्र यादव उर्फ गोलू (27) पुत्र भारत यादव शनिवार सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली से घर के लिए मिट्टी भरने गया था। मिट्टी लेकर लौटते समय माइनर के पास सामने से आ रहे वाहन को बचाने के प्रयास में उसने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और मिट्टी से भरी ट्रॉली सड़क किनारे खेत में पलट गई। हादसे में धर्मेंद्र ट्रॉली के नीचे दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद राहगीरों और ग्रामीणों ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे आनन-फानन में जिला मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बताया जा रहा है कि धर्मेंद्र अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। सूचना पर पिरौना चौकी प्रभारी बृजेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि पिरौना से जागेश्वर धाम जाने वाले मार्ग के किनारे उगी झाड़ियां कई स्थानों पर दृश्यता को प्रभावित करती हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीणों ने सड़क किनारे की झाड़ियों को हटाने की मांग करते हुए प्रशासन से आवश्यक कदम उठाने की अपील की है।

# 8 जून से खुल गए मत्स्य विभाग योजनाओं के ऑनलाइन आवेदन, जालौन के मत्स्य पालकों को मिलेगा लाभ

( यंग भारत न्यूज )

**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेश मत्स्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 8 जून से प्रारंभ की जा रही है। सहायक निदेशक मत्स्य गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि विभागीय पोर्टल fisheries.up.gov.in पर 8 जून 2026 से 28 जून 2026 तक आवेदन किए जा सकेंगे। इच्छुक मत्स्य पालक एवं लाभार्थी निर्धारित अवधि में ऑनलाइन आवेदन कर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। विभाग द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं में मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना तथा सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम स्थापना योजना शामिल हैं। इन योजनाओं के माध्यम से मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के साथ-साथ मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया कि प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग आवेदन करना अनिवार्य होगा। योजनाओं से संबंधित परियोजना विवरण, इकाई लागत, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक अभिलेखों एवं अन्य दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में योजनाओं के प्रावधानों में कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित नियम ही प्रभावी होंगे। पूर्व वर्षों में निरस्त अथवा प्रतीक्षारत आवेदन वाले आवेदक भी पुन: आवेदन करने के पात्र होंगे। योजनाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, जालौन से किसी भी कार्य दिवस में संपर्क कर सकते हैं।

# आरक्षी भर्ती परीक्षा की तैयारियों का एएसपी ने लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** आगामी आरक्षी नागरिक पुलिस/समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक जालौन ने परीक्षा केन्द्रों पर लगाई गई रिहर्सल ड्यूटी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों एवं ड्यूटी में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों की तैयारियों का गहन जायजा लिया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा के दौरान पूर्ण सतर्कता बरतने, निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनियमितता को रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय रहते दुरुस्त कर ली जाएं। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए, जिससे भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराई जा सके।

# रामपुरा में नियमित टीकाकरण को शत-प्रतिशत सफल बनाने पर मंथन

## स्वास्थ्य कर्मियों को दिए गए दिशा-निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**रामपुरा (जालौन)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम (आरआई माइक्रो प्लान) को और अधिक प्रभावी एवं सफल बनाने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति, चुनौतियों और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की समीक्षा एसीएमओ डॉ. ए.पी. वर्मा ने की। उन्होंने टीकाकरण अभियान की तैयारियों का जायजा लेते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक समय पर टीकाकरण पहुंचाना स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने फील्ड स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करने और छूटे हुए बच्चों व गर्भवती महिलाओं तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के निर्देश दिए। कार्यशाला की अध्यक्षता चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप राजपूत ने की। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से पूर्ण समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए नियमित टीकाकरण अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने का आह्वान किया। इस दौरान टीकाकरण कार्यक्रम की गुणवत्ता सुधारने और माइक्रो प्लान को मजबूत बनाने के उपायों पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के कोऑर्डिनेटर राजीव सिंह चौहान, मॉनिटर राहुल भास्कर एवं मुकेश शुक्ला ने नियमित टीकाकरण की रणनीतियों, निगरानी व्यवस्था तथा फील्ड स्तर पर आने वाली चुनौतियों के समाधान पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। वहीं टीएसयू से नीतू पाठक ने टीकाकरण कार्यक्रम की गुणवत्ता एवं माइक्रो प्लानिंग के अहम बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में बीपीएम शिवकुमार, सुपरवाइजर भीम प्रकाश एवं देवेश थापा सहित क्षेत्र की समस्त एएनएम मौजूद रहीं। सभी प्रतिभागियों को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने विश्वास जताया कि बेहतर समन्वय, प्रभावी माइक्रो प्लानिंग और जमीनी स्तर पर सतत निगरानी से क्षेत्र में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को नई गति मिलेगी तथा कोई भी पात्र लाभार्थी टीकाकरण से वंचित नहीं रहेगा।

# बक्शेपुर के दुष्कर्मी अमीर को न्यायालय ने सुनाई 3 वर्ष की सजा और 1000 हजार रुपये जुर्माना

## आटा थाना क्षेत्र का है मामला

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद जालौन पुलिस की प्रभावी पैरवी और मॉनिटरिंग सेल के सतत प्रयासों से एक महत्वपूर्ण मामले में न्यायालय ने दोषी को सजा सुनाई है। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत कोतवाली उरई पुलिस द्वारा दर्ज दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 3 वर्ष के कारावास एवं 1,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना आटा क्षेत्र के निवासी अभियुक्त अमीर रजाब पुत्र रामेश निवासी ग्राम बक्शेपुर के विरुद्ध वर्ष 2019 में नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ एवं दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया था। विवेचना पूर्ण होने के बाद पुलिस ने न्यायालय में सशक्त साक्ष्य प्रस्तुत किए। पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल एवं कोतवाली उरई पुलिस द्वारा मामले की लगातार निगरानी एवं प्रभावी पैरवी की गई। अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत ठोस साक्ष्यों और तर्कों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए 3 वर्ष का कारावास तथा 1 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। इस सफलता में अभियोजन अधिकारी, मॉनिटरिंग सेल तथा विवेचक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस विभाग ने इसे पीड़ितों को न्याय दिलाने और अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

# नगर पालिका क्षेत्र में सीसी और इंटरलॉकिंग निर्माण हेतु अध्यक्ष ने कई जगह किया भूमिपूजन

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने विकास को गति देने के क्रम में नगर के अलग-अलग वार्डों में सीसी रोड और इंटरलॉकिंग निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इन मौकों पर उन्होंने कहा, नगर का सर्वांगीण और चहुंमुखी विकास ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, क्षेत्रीय नागरिक लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। सड़क बनने से इलाकाई लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं में सुधार होगा ।नगरपालिका क्षेत्रांतर्गत जवाहर नगर में दस लाख रुपये की लागत से बनने वाली इंटरलॉकिंग सड़क का भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। यह सड़क नदीगांव रोड स्थित एबेनेजर पब्लिक स्कूल के पास धीरज निरंजन के मकान से इस्लाम के आवास तक बनाई जाएगी। प्रस्तावित सड़क की लंबाई 75 मीटर तथा चौड़ाई 3 मीटर होगी। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता भूमिपूजन किया। इस अवसर पर सभासद नंदिनी बादाम सिंह कुशवाहा, जेई अरुण कुमार, अंकित यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। उधर, वार्ड नंबर 21 जयप्रकाश नगर बंगला पर भी क्षेत्रीय सभासद माधव यादव के साथ मिलकर पालिकाध्यक्ष ने सीसी रोड निर्माण के लिए वैदिक रीति से भूमिपूजन किया।

# लखनऊ में 800 रुपये में बनाते थे फर्जी आयुष्मान कार्ड, कई स्तरों पर जाता था हिस्सा; 10 गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** फर्जीवाड़ा कर हजारों लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाकर इलाज कराने के मामले में रोजाना नए राजफाश हो रहे हैं। जांच में सामने आया है कि जालसाज प्रत्येक व्यक्ति से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आठ सौ रुपये प्रति कार्ड वसूलते थे। इसमें से एक हिस्सा नोडल एजेंसी में कार्ड अप्रूव करने वाले विश्वजीत को जाता था। गिरोह के आठ आरोपितों को लखनऊ और दो को प्रयागराज से गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रदेश भर में गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।




साइबर क्राइम थाने में बीते वर्ष आइटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में फर्जीवाड़ा कर आयुष्मान कार्ड बनाने का मामला दर्ज हुआ था। जांच के दौरान गिरफ्तारी शुरू हुई तो 17 जून 2025 को दो आरोपित प्रयागराज, 24 दिसंबर 2025 को सात आरोपित लखनऊ से पकड़े गए। एक आरोपित बुधवार को एसटीएफ ने पारा से गिरफ्तार किया। पारा की बजरंग विहार कालोनी से पकड़े गए आरोपित की पहचान हरदोई के संडीला स्थित करामत खेड़ा निवासी चक्र शेरू उर्फ अभिषेक उर्फ अजय के रूप में हुई। वह कालोनी के अवी जन सेवा केंद्र (सीएससी) में नौकरी कर असली आवेदकों की फैमिली आइडी में एक फर्जी पोर्टल की मदद से अपात्र आवेदकों को जोड़ता था। इसके बाद उनका आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवेदन करता था। अपात्र आवेदक को उस व्यक्ति की फैमिली आइडी में जोड़ा जाता था जिसके जिले और पिता का नाम एक ही हो। कुछ दिन बाद आयुष्मान कार्ड एप्रूव हो जाता था। चक्र शेरु ने अपना आयुष्मान कार्ड भी बजरंग विहार की सीएससी से ही फर्जीवाड़ा कर बनवाया था। यह सीएससी अवनीश नाम का युवक चलाता था। पूर्व में उसे भी जेल भेजा जा चुका है। अवनीश ने चक्र शेरू की मुलाकात चंद्रभान नाम के शख्स से कराई थी। चंद्रभान ने ही चक्र शेरू को सीएससी पर काम करने और आयुष्मान कार्ड के गिरोह में शामिल होने की बात कही थी। पूछताछ में सामने आया कि चंद्रभान आयुष्मान कार्ड एप्रूव कराने के चक्र शेरू से प्रति व्यक्ति पांच सौ रुपये लेता था, जबकि चक्र शेरू आवेदकों से आठ सौ रुपये तक वसूलता था। इसी के बाद सभी का अलग-अलग हिस्सा बंटता था। चंद्रभान जो रुपये लेता था उसमें से एक हिस्सा स्टेट एजेंसी फार काम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटिग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) से कार्ड अप्रूव करने वाले विश्वजीत को जाता था। जो कार्ड किसी कारणवश प्राथमिक स्तर पर अप्रूव नहीं होता था उन्हें विश्वजीत फर्जीवाड़े से अप्रूव करता था। मामले में सुजीत कनौजिया, राजेश मिश्रा और सौरभ, साचीज से कार्ड अप्रूव करने वाले विश्वजीत के साथ ही चंद्रभान समेत लखनऊ और प्रयागराज से कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरोह के कई आरोपितों की तलाश अब भी जारी है। जिस आरोपित का नाम जांच में आया था उसे हटाया जा चुका है। जांच एजेंसी की तरफ से जो भी साक्ष्य मांगे जाते हैं उन्हें भी उपलब्ध कराया जाता है। वृहद स्तर पर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है जिससे कोई भी व्यक्ति जालसाजों का शिकार न हो। साथ ही अब जो भी कार्ड संदिग्ध प्रतीत होता उसे पोर्टल पर डालकर उस पर रोक लगा दी जाती है।

# अस्थि विसर्जन के लिए निकले परिवार पर टूटा मौत का कहर! ट्रक-पिकअप की भीषण टक्कर में 9 की मौत, कई घायल

( यंग भारत न्यूज )

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर में शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। फिरोजपुर-फाजिल्का रोड स्थित जंगावाला मोड़ पर ट्रक और पिकअप वाहन की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 से अधिक लोग घायल हो गए।



हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, पिकअप वाहन में सवार लोग अपने एक परिजन की अस्थियां विसर्जित करने जा रहे थे। इसी दौरान जंगावाला मोड़ के पास सामने से आ रहे ट्रक से उनकी गाड़ी की भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद पिकअप में सवार लोग वाहन के अंदर ही फंस गए। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई। घायलों को एंबुलेंस और अन्य वाहनों की मदद से सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा इतना भीषण था कि कुछ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में घायलों का इलाज जारी है। ट्रक और पिकअप की टक्कर में अब तक 9 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। वहीं करीब 15 से 20 लोग घायल बताए जा रहे हैं। सभी लोग अपने परिवार के एक सदस्य की अस्थियां विसर्जित करने जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

# 'आओ, शादी करूंगी', घर से भगाने वाले पति को इंस्टा से फंसाया, फिर कराया गिरफ्तार'

( यंग भारत न्यूज )

**प्रयागराज।** प्रदेश के प्रयागराज में एक महिला ने रोचक ढंग से अपने पति को सबक सिखाया। पति ने 5 साल पहले उसे बुरी तरह पीटकर घर से भगा दिया था। महिला ने इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाई और पति को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी।



पति अनजान महिला समझकर उससे बात करने लगा। वह इंस्टाग्राम वाली महिला को होटल में मिलने के लिए बुलाने लगा, तो पत्नी ने उसे एक मंदिर के पास बुलाया। इसके बाद पुलिस बुलाकर पति को धोखाधड़ी और अन्य आरोपों में गिरफ्तार कराया। यह घटना प्रयागराज के दारागंज की है, जहां महिला ने 2 मई को पति को गिरफ्तार कराया। महिला का नाम सोनी त्रिपाठी है, जबकि पति का नाम प्रभुदत्त त्रिपाठी है। प्रभुदत्त उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के किसुनदास गांव का रहने वाला है और पिछले कुछ सालों से दारागंज में रह रहा है। दोनों की शादी 9 साल पहले प्रतापगढ़ में हुई थी। शादी के चार साल बाद प्रभुदत्त ने अपनी पत्नी को घर से निकाल दिया था, जिसके बाद दोनों के बीच कोई बातचीत नहीं हुई। पुलिस ने गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। सोनी ने इंस्टाग्राम पर फेक आईडी के जरिए प्रभुदत्त से बातचीत की, जबकि प्रभुदत्त उसे दूसरी महिला समझकर अपनी मन की बातें बताने लगा। जल्द ही वह अनजान महिला से प्रेम करने लगा। कई बार वह इंस्टाग्राम पर मैसेज कर महिला को होटल में मिलने के लिए बुलाता था और उससे शादी करने का वादा भी करता था। इसके बाद सोनी ने उसे दारागंज के नागवासुकी मंदिर पर बुलाया। एक तरफ प्रभुदत्त अपने दोस्त के साथ पहुंचा, वहीं दूसरी तरफ सोनी अपने माता-पिता और भाई के साथ मंदिर गई। सोनी के परिजन मंदिर से दूर खड़े थे। जब दोनों मिले तो प्रभुदत्त सोनी को पहचान नहीं पाया क्योंकि सोनी ने चेहरा ढक रखा था। दोनों ने शुरुआत में बातचीत की द्यथी। जैसे ही सोनी ने दुपट्टा हटाया, प्रभुदत्त गुस्से से आग-बबूला हो गया और सोनी को थप्पड़ मारने लगा। तभी सोनी का परिवार सामने आया और उसे बचाया। सोनी के भाई ने 102 नंबर पर फोन कर पुलिस बुला ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दारागंज पुलिस ने प्रभुदत्त के खिलाफ बीएनएस (BNS) की धारा 115 (पत्नी को मारना), धारा 351 (पत्नी को धमकी देना) और धारा 352 (जानबूझकर अपमान करना) के तहत मामला दर्ज किया है।

# लखनऊ में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, ब्लैकमेल और मतांतरण का दबाव, छह पर केस

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** पारा की रहने वाली एक युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और मतांतरण के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक समेत उसके परिवार के छह सदस्यों के खिलाफ पारा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




पारा निवासी युवती का आरोप है कि करीब डेढ़ वर्ष पहले उसकी मुलाकात मवैया निवासी जुबैर अंसारी से हुई थी। युवती का कहना है कि आरोपित ने खुद को दूसरे धर्म का बताकर उससे दोस्ती की और प्रेम संबंध स्थापित कर लिए। आरोप है कि इस दौरान युवक उसे विभिन्न होटलों में ले गया और शादी का भरोसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपित ने कई बार उसे नशीला पदार्थ खिलाया और आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिए। बाद में उन्हीं वीडियो के आधार पर ब्लैकमेल कर रुपये मांगने लगा। विरोध करने पर वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी गई। युवती का यह भी आरोप है कि उसके गहने भी आरोपित ने अपने कब्जे में लेकर बेच दिए। पीड़िता के अनुसार एक बार आरोपित उसे अपने घर ले गया, जहां उसकी मां और बहनों ने उसे बुर्का पहनाया व मतांतरण करने का दबाव बनाया। आरोप है कि मतांतरण करने पर आर्थिक लाभ मिलने का लालच भी दिया गया। जब उसने मतांतरण से इन्कार किया तो आरोपित, उसके भाइयों, बहनों और मां ने गाली-गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। युवती ने आरोप लगाया कि इसके बाद आरोपित लगातार मोबाइल फोन से धमकियां देता रहा और पुलिस के पास जाने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी देता था। मामले से परेशान होकर उसने पुलिस अधिकारियों से शिकायत की और कार्रवाई की मांग की। पुलिस के अनुसार पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपित जुबैर अंसारी, उसके भाई समेत अन्य के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि आरोपों की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 700 साल पुराना चमत्कारी मंदिर, जहां साक्षात सांस लेते हैं हनुमान जी! खाते हैं लड्डू, पीते हैं दूध और मुख से निकलती है रामधुन

( यंग भारत न्यूज )

हम सभी जानते हैं, संकटमोचन हनुमान जी भगवान श्री राम के सबसे बड़े भक्त हैं। बजरंगबली का नाम आते ही मन में चमत्कारों का अहसास होने लगता है। रामायण काल से लेकर आज तक हनुमान जी ने अपने बल और बुद्धि से कई ऐसे विस्मयकारी कार्य किए हैं, जिसने दुनिया को हैरान किया है।

यही वजह है कि देश के हर गली-मोहल्ले में आपको हनुमान जी का कोई न कोई मंदिर जरूर मिल जाएगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक ऐसा अनोखा मंदिर भी है, जिसके चमत्कार के आगे आज का आधुनिक विज्ञान और पुरातत्व विभाग भी पूरी तरह नतमस्तक हो चुका है। हम बात कर रहे हैं उत्तर प्रदेश के जनपद इटावा मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर दूर बीहड़ में स्थित प्रताप नगर ग्राम रुरा की। यहां यमुना नदी के पावन किनारे पर 'पिलुआ बजरंगबली' का एक बेहद प्राचीन और सिद्ध मंदिर स्थापित है। हनुमान जी का यह मंदिर अपने आप में इतना अनूठा है कि यहां स्थापित बाल रूप हनुमान जी की लेटी हुई प्रतिमा को देखकर हर कोई दंग रह जाता है। पिलुआ हनुमान मंदिर में बजरंगबली की जो लेटी हुई बाल प्रतिमा है, उसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस मूर्ति का मुंह खुला हुआ है। यहां रोजाना हजारों की संख्या में देश के कोने-कोने से श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं। जब कोई भक्त पूरी श्रद्धा के साथ भगवान के मुख में लड्डू का भोग लगाता है या दूध अर्पित करता है, तो वह पलक झपकते ही गायब हो जाता है। जी हां, मूर्ति को खिलाया गया सारा प्रसाद सीधा भगवान के पेट में चला जाता है। आज तक बड़े से बड़े वैज्ञानिक और पुरातत्व विभाग के शोधकर्ता भी इस रहस्य का पता नहीं लगा पाए हैं कि आखिर मुख में डाला गया टनों प्रसाद और दूध जाता कहां है। यही वजह है कि यह रहस्यमयी मंदिर देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का सबसे बड़ा केंद्र बना हुआ है। यह प्राचीन और सिद्ध पीठ मंदिर लगभग



700 वर्ष पुराना बताया जाता है। मान्यता है कि सदियों पहले पिलुआ के पेड़ के नीचे हनुमान जी की यह दिव्य प्रतिमा स्थापित थी। रुरा क्षेत्र में पिलुआ के पेड़ों की संख्या बहुत अधिक होने की वजह से ही इस मंदिर का नाम 'पिलुआ हनुमान मंदिर' पड़ा। समय के साथ-साथ अब इस प्राचीन मंदिर ने एक बेहद भव्य और आकर्षक रूप ले लिया है और वर्तमान में मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार भी बड़े स्तर पर कराया जा रहा है। स्थापत्य और मूर्तिकला के नजरिए से देखें तो यह प्रतिमा दुनिया में सबसे अलग है। वैसे तो भारत में कई जगहों पर हनुमान जी की लेटी हुई मूर्तियां मौजूद हैं, लेकिन यहां की बात सबसे निराली है। स्थानीय लोगों और पुजारियों का मानना है कि बाल रूप हनुमान जी की यह प्रतिमा अब तक हजारों टन लड्डू का प्रसाद ग्रहण कर चुकी है, लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि उनका मुंह कभी नहीं भरता। इतना ही नहीं, भगवान के मुखारविंद के भीतर हमेशा जल और दूध भरा रहता है, जिसमें से लगातार पानी के बुलबुले निकलते हुए साफ दिखाई देते हैं। मंदिर के पुजारियों का इन दिव्य बुलबुलों को लेकर एक बेहद चौंकाने वाला दावा है। उनका कहना है कि हनुमान जी साक्षात रूप में जागृत हैं और हर समय अपने मुख से रामधुन रटते रहते हैं। ऐसा प्रतीत होता है जैसे मूर्ति लगातार इंसानों की तरह सांस ले रही हो। इस प्राचीन मंदिर की ऐतिहासिक कड़ियों को महाभारत काल से भी जोड़कर देखा जाता है। इतिहासकारों और पुरातत्वविदों के लिए भगवान की यह चमत्कारी प्रतिमा आज भी एक बहुत बड़ा शोध का विषय बनी हुई है। मंदिर के पुजारियों का कहना है कि इस सिद्ध पीठ की चौखट पर जो भी भक्त सच्ची श्रद्धा और साफ मन से आता है, पवनपुत्र हनुमान उसकी झोली खुशियों से भर देते हैं और हर बिगड़ा काम बना देते हैं। वैसे तो यहां हर मंगलवार और शनिवार को पैर रखने तक की जगह नहीं होती, लेकिन 'बुढ़वा मंगल' के पावन अवसर पर यहां का नजारा देखने लायक होता है। बुढ़वा मंगल के दिन इस बीहड़ के मंदिर में लाखों की तादाद में भक्तों का सैलाब उमड़ता है, जो बजरंगबली के इस अनूठे रूप के दर्शन कर अपनी मनोकामनाओं का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

# महिला दरोगा संग घिनौनी हरकत, ससुर ने बहू को बनाया हवस का शिकार?

( यंग भारत न्यूज )

**प्रयागराज।** प्रयागराज में तैनात महिला दरोगा ने पारा निवासी रिटायर्ड ससुर (दरोगा) पर दुष्कर्म और प्रापर्टी डीलर पति पर फायरिंग का आरोप लगाया है। महिला दरोगा ने अन्य ससुरालीजनों पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर पारा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।



पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराने के लिए गुरुवार को किसान यूनियन नेताओं के साथ मिलकर थाने पर दो घंटे तक धरना दिया। पुलिस ने पीड़िता और उसके ससुरालीजनों की तहरीर पर दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला दरोगा पर थाने में प्रदर्शन करने के मामले में विभागीय कार्यवाही के लिए पारा पुलिस ने पत्र लिखा है। प्रयागराज पुलिस अधिकारियों द्वारा महिला दरोगा पर अनुशासनहीनता की जांच की जा रही है। पारा निवासी महिला पुलिस विभाग में दरोगा पद पर प्रयागराज में तैनात है। ये खबर आप गज़ब वायरल में पढ़ रहे हैं। महिला ने पारा निवासी प्रॉपर्टी डीलर से एक वर्ष प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद महिला का चयन पुलिस विभाग में दरोगा के पद पर हो गया। महिला का आरोप है कि विवाह के बाद से ससुराल वाले जातिगत टिप्पणी करते हुए प्रताड़ित करने लगे। पति से शिकायत करने पर उसने भी कुछ नही कहा। नौकरी करने को लेकर भी अपमानित किया जाता था। महिला का आरोप है कि ससुर ने उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर चूहे मारने वाली दवा खिलाकर जान से मारने की कोशिश करते हुए कमरे में बन्द कर दिया। किसी तरह महिला ने अपने पिता को बात बताई जिसके बाद घर पहुंचे पिता ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। ससुरालियों से शिकायत करने गए पिता पर पति और ससुर ने हमला कर असलहा तान कर भगा दिया। महिला का आरोप है कि चार दिन पहले पुलिस से शिकायत करने पर भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की। गुरुवार को पीड़िता अपने परिजनों और किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पारा थाने में जमकर बवाल किया। प्रदर्शन के दौरान महिला दरोगा बेसुध हो गयी। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में पारिवारिक विवाद है। महिला दरोगा की तहरीर पर ससुर के विरुद्ध दुष्कर्म एवं पति सास एवं नंद पर प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं, महिला दरोगा के पति ने पत्नी पर मकान को कब्जाने की नीयत से प्रताड़ित करने एवं परिजनों के साथ मिलकर उसपर असलहे से जान से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# पूर्व विधायक,पूर्व चेयरमैन सहित नौ के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**हाथरस।** शासन के निर्देश के बाद कमिश्नर अलीगढ़ ने कराई थी पूरे मामले की कमेटी से जांच-तत्कालीन एसडीएम सहित कई राजस्वकर्मी पाए गये थे पूरी जांच में दोषी-मुकदमे में सपा के पूर्व विधायक देवेन्द्र अग्रवाल, भाजपा के पूर्व चेयरमैन आशीष शर्मा सहित आठ नामजदहाथरस, कार्यालय संवाददाता।

शहर की जमुनाबाग कॉलोनी के मामले में भाजपा नेता व पूर्व विधायक मुकुल उपाध्याय ने सपा के पूर्व विधायक देवेन्द्र अग्रवाल, भाजपा के पूर्व चेयरमैन आशीष शर्मा सहित आठ नामजद और राजस्व कर्मियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि सभी लोगों ने मिलकर कलक्ट्रेट के रिकार्ड में असली नक्शा बदलकर फर्जी नक्शा लगा दिया।पूर्व विधायक मुकुल उपाध्याय ने कोतवाली हाथरस गेट में एसपी के आदेश पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। पूर्व विधायक ने मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा है कि उनकी पत्नी रितु उपाध्याय ने हनुमान प्रसाद पोददार मूल निवासी सूपान गली हाथरस हाल निवासी मोहल्ला सदवाड़ा कायमगंज जिला फर्रुखाबाद से 23 सितम्बर 2009 में जमीन क्रय की थी। बैनामे के बाद हनुमान प्रसाद ने उनकी पत्नी को जमीन पर कब्जा भी दिला दिया। उसके बाद जमीन की बाउण्ड्रीवाल करा दी गई। वर्ष 2013 तक जमीन पर फसले भी उगाई गई। वर्ष 2013 में हनुमान प्रसाद ने अपनी जमीन को अकृषक आवासीय कराने के लिए सक्षम न्यायालय में कार्रवाई की तो उस समय उनकी पत्नी ने 143 के लिए आवेदन किया था। जिस पर राजस्व अधिकारियों ने नियमानुसार कार्यवाही करते हुए मौके की नक्शा नजरी व आख्या प्रस्तुत करते हुए प्रश्नगत भूमि को अकृषक आवासीय कराने के आदेश पारित किये। उस पर तत्कालील लेखपाल अवधेश कुमार, तत्कालीन राजस्व निरीक्षक मदन मोहन शर्मा व तत्कालीन तहसीलदार मनोज वार्ष्णेय और तत्कालीन एसडीएम मदन चंद दुबे के वास्तविक हस्ताक्षर थे। आरोप है कि आशीष शर्मा ने अपनी सगी बहन रागिनी शर्मा व पूर्व विधायक देवेन्द्र अग्रवाल के पुत्र रजत अग्रवाल की फर्म मैंसर्स डीएलआसी इम्फाहाइट प्राइवेट लिमिटेड तथा परेश्वरी दयाल गौड़, देवेन्द्र पचौरी व अन्य के नाम हनुमान प्रसाद के खसरा संख्या 130 की शेष जमीन में से 3.709 है का दिनाक 19 सितम्बर 2020 को इकरारनाम करा लिया था। उसी दिन कुछ लोगों के नाम बैनामा भी करा दिया गया। उसके बाद हनुमान प्रसाद पौददार ने एक सिविल वाद डाला। उस मूलवाद में नक्शा नजरी संलग्न की गई। उस नक्शा नजरी में उनकी पत्नी की जमीन को आगरा अलीगढ़ मुख्य राजमार्ग से हटाकर मंडी समिति की तरफ दर्शाया गया। आरोप है कि इन उक्त लोगों ने अवैध तरीके से रास्ता निकालने और अपनी जमीन की कीमत बढ़ाने के लिए ऐसा किया था। पूर्व विधायक का आरोप है कि जब फर्जी कूटरचित नक्शे की जानकारी उन्हें हुई तो उन्होंने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री, अध्यक्ष राजस्व परिषद से की और जांच की मांगी। राजस्व परिषद ने इसकी जांच के लिए 30 मई 2023 को अलीगढ़ आयुक्त को पत्र भेजा गया। कमिश्नर अलीगढ़ ने डीएम को पत्र लिखा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराने के निर्देष दिए गये। डीएम ने अपनी तीन सदस्यीय कमेटी गठित की। उस कमेटी ने 10 अप्रैल 2026 को अपनी आख्या डीएम को दी। उसमें स्पष्ट उल्लेख है कि प्रथम दृष्टया यह सम्भावित है कि अभिलेखों के साथ छेड़छाड़ की गई है। राजकीय अभिलेखों में छेड़छाड़, कूटरचना किया जाना गंभीर विषय है। आरोप है कि आशीष शर्मा व देवेन्द्र अग्रवाल, हनुमान प्रसाद पोददार सहित अन्य लोगों ने पडयंत्र के तहत उनकी पत्नी द्वारा क्रय की गई भूमि के मध्य में से आगरा अलीगढ़ मार्ग से अवैध रास्ता निकालने के उद्देश्य से आपराधिक पड़यंत्र रचा है। आरोप है कि कपटपूर्वक फर्जी जालसाली नक्शा तैयार करके राजस्व अभिलेखागार की मूल पत्रावली में से सही नक्शा हटाकर फर्जी जाली नक्शा असली के रूप में प्रयोग लाने के उद्देश्य से किया गया है। इसमें कई अधिकारी और राजस्व विभाग के कर्मचारी शामिल हैं। अब पुलिस ने इस मामले में पूर्व चेयरमैन आशीष शर्मा, पूर्व विधायक देवेन्द्र अग्रवाल, हनुमान प्रसाद पोद्दार, रागिनी शर्मा निवासी जेल रोड सिविल लाइंस अलीगढ़, रजत अग्रवाल निवासी कंचननगर, परमेश्वरी दयाल गौड़ निवासी कृष्णा आर्चिड गोवर्धन मथुरा, देवेन्द्र पचौरी निवासी चेतन्यधाम कॉलोनी, विमल कुमार निवासी रहना के अलावा राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारीगण के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है।

# केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झाँसी के कार्यों से प्रभावित हुए कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के अपर सचिव ज्ञानेंद्र देव त्रिपाठी

## विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण कर हाईटेक नर्सरी, पॉलीहाउस, प्रयोगशालाओं एवं कृषि नवाचारों का लिया जायजा

### - विश्वविद्यालय का कार्य देश के लिए प्रेरणास्रोत - ज्ञानेंद्र देव त्रिपाठी

### -विद्यार्थियों से किसानों तक ज्ञान पहुँचाने का सशक्त केंद्र बना विश्वविद्यालय - कुलपति



( यंग भारत न्यूज )

**झाँसी।** रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी में भारत सरकार के कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर), नई दिल्ली के अपर सचिव श्री ज्ञानेंद्र देव त्रिपाठी (आईएएस) ने विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण कर विभिन्न शैक्षणिक, अनुसंधान एवं कृषि विकास गतिविधियों का अवलोकन किया।

अपने दौरे के दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय की हाईटेक नर्सरी, पॉलीहाउस, फल, फूल एवं सब्जी उत्पादन इकाइयों, बागवानी एवं वानिकी प्रक्षेत्रों, औषधीय पौधों की इकाई, एकीकृत कृषि प्रणाली, मशरूम उत्पादन केंद्र, मधुमक्खी पालन इकाई, आधुनिक प्रयोगशालाओं तथा पुस्तकालय का भ्रमण किया और विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि श्री त्रिपाठी का स्मृति चिन्ह, पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं विश्वविद्यालय उत्पाद भेंट कर स्वागत किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री ज्ञानेंद्र देव त्रिपाठी (आईएएस) ने कहा कि रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय का परिसर अत्यंत सुव्यवस्थित, आधुनिक एवं विकासोन्मुख है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार गतिविधियों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में उपलब्ध स्मार्ट कक्षाएं, सुसज्जित पुस्तकालय, आधुनिक प्रयोगशालाएं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था तथा कृषि नवाचारों की गतिविधियां विद्यार्थियों एवं किसानों दोनों के लिए लाभकारी हैं। विश्वविद्यालय द्वारा जल संरक्षण, कृषि प्रौद्योगिकी विस्तार तथा किसानों तक वैज्ञानिक तकनीकों के प्रसार के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। श्री त्रिपाठी ने कहा कि कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के विकास, वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता तथा कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के विस्तार से संबंधित जो महत्वपूर्ण विषय उनके समक्ष रखे गए हैं, उन्हें भारत सरकार एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के स्तर पर गंभीरता से विचारार्थ प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने विश्वविद्यालय को नियमित एवं सुदृढ़ वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में श्री ज्ञानेंद्र देव त्रिपाठी का यह प्रथम आगमन है। उन्होंने कहा कि श्री त्रिपाठी को विभिन्न राज्यों में प्रशासनिक एवं विकासात्मक कार्यों का व्यापक अनुभव प्राप्त है, इसका लाभ भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् एवं कृषि शिक्षा व्यवस्था को मिलेगा। कुलपति ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि झाँसी स्थित मुख्य परिसर के साथ दतिया में पशु चिकित्सा एवं मत्स्यिकी महाविद्यालय तथा मुरैना में उद्यानिकी महाविद्यालय का सफल संचालन विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ किसानों के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, तकनीकी परामर्श, कृषि प्रदर्शन एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करता है। प्रतिवर्ष कृषि मेलों के माध्यम से नवीन कृषि तकनीकों का प्रसार किया जाता है। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय की शुरुआत मात्र पाँच विद्यार्थियों से हुई थी, जबकि वर्तमान में लगभग 1500 विद्यार्थी विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत हैं। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद, योग एवं व्यक्तित्व विकास गतिविधियों का भी नियमित आयोजन किया जाता है। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्रों के विस्तार एवं विश्वविद्यालय के सतत् विकास के लिए चल रहे प्रयासों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्लॉक प्रमुख चन्द्रभान सिंह ने किया वृक्षारोपण



( यंग भारत न्यूज )

**बामौर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बामौर की गौशाला परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा हरित वातावरण के निर्माण का संदेश देना था। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए और उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख चन्द्रभान सिंह अहिरवार उपस्थित रहे। उन्होंने पौधारोपण करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना और उनकी देखभाल करना जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने और उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने की अपील की। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी बामौर गौरव कुमार ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी के जीवनदाता हैं। पेड़-पौधे न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एपीओ दीपक कुमार, ग्राम प्रधान संजय गुप्ता, ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र चौधरी सहित अन्य गणमान्य नागरिक और ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम के अंत में पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया गया, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सके।

# आज का वृक्ष, कल के जीवन की गारंटी

## विश्व पर्यावरण दिवस पर बजाज पावर प्लांट का हरित संकल्प

( यंग भारत न्यूज )



**ललितपुर, 5 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस-2026 के अवसर पर बजाज पावर प्लांट, चिगलौआ परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता को समर्पित विविध कार्यक्रमों का आयोजन उत्साह, सहभागिता एवं सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ किया गया। इस वर्ष की थीम 'प्रकृति से प्रेरित, जलवायु संरक्षण के लिए समर्पित और सुरक्षित भविष्य के प्रति प्रतिबद्ध' को केंद्र में रखते हुए 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ यूनिट हेड एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) श्री एन. सार द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (ईडी) श्री ए.के. पांडेय, महिला मैत्री क्लब की अध्यक्ष श्रीमती अलका सार, क्लब की सदस्याओं, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कामगारों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी श्री प्रदीप शुक्ला सहित बजाज परिसर के समस्त कामगार मित्र भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एन. सार ने कहा कि 'सतत विकास और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व आज किसी भी जिम्मेदार उद्योग की कार्यसंस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं। बजाज पावर प्लांट स्वच्छ पर्यावरण, संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग तथा हरित विकास के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है। हमारा विश्वास है कि आज का पर्यावरणीय निवेश ही आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की आधारशिला बनेगा।' कार्यकारी निदेशक श्री ए.के. पांडेय ने कहा कि 'पर्यावरण संरक्षण तभी प्रभावी हो सकता है जब उद्योग, प्रशासन और समाज एक साझा उद्देश्य के साथ आगे बढ़ें। वृक्षारोपण केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और सतत विकास के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। जनसहभागिता के माध्यम से ही हम हरित एवं संतुलित भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरणीय जागरूकता एवं सहभागिता को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण का वास्तविक उद्देश्य तभी सफल होगा जब इसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे और जन-आंदोलन के रूप में इसकी स्वीकृति विकसित हो। इस अवसर पर प्रेसिडेंट श्री मनोज मेहता एवं श्री आलोक श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों, उनके परिवारजनों एवं बच्चों के लिए आयोजित पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित किया । कार्यक्रम में कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, अविनाश कुमार, राजेश वर्मा, मनोज वर्मा, अखिलेश खुरसवार, राजीव श्रीवास्तव, सुभ्रांशु महापात्रा, प्रवीण त्रिपाठी, अभिनव भारद्वाज, अभिमन्यु उपाध्याय , मिलिंद कर्माकर,अनुराग चौबे, उदय प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे इस अवसर पर ईएचएस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं सतत भविष्य के प्रति सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। संचालन दीपक आनंद ने किया ।

# पहले हमने भी समझाया था, न मानने पर श्रीराम व राष्ट्र को चुना : मनोज पाण्डे

### -अखिलेश यादव पर कैबिनेट मंत्री का बड़ा बयान, बोले- 2027 में फिर इतिहास रचेगी भाजपा

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** बीते साल सपा छोड़कर उत्तर प्रदेश सरकार में हाल ही में कैबिनेट मंत्री बने मनोज पांडेय ने झांसी दौरे के दौरान विपक्षी दल खासतौर पर सपा पर जमकर हमला बोला। सपा की जमीन कब्जा व परिवारवाद वाली नीति को गलत ठहराते हुए उन्होंने इशारों ही इशारों में खुद को विभीषण व अखिलेश यादव की रावण से तुलना कर डाली। उन्होंने कहा कि हमने भी उनको समझाया था लेकिन जब वह नहीं माने तो हमने श्रीराम और राष्ट्र को चुना। कहा कि उन्होंने किसी व्यक्ति के लिए नहीं वरन राष्ट्र व श्रीराम के लिए समाजवादी पार्टी को छोड़ा और भाजपा में शामिल हुए। वह यहां एमएलसी रमा आरपी निरंजन के आवास पर मीडिया से वार्ता कर रहे थे।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वह पार्टी नेतृत्व के आभारी हैं, कि उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि झांसी पूरे देश में अपने शौर्य, पराक्रम और अपनत्व के लिए प्रसिद्ध है। यहां भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता ने बढ़-चढ़कर उनका स्वागत किया, जो संगठन की मजबूती और एकता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि देश आपसी एकता और तालमेल के सहारे आगे बढ़ता है। भाजपा इसी भावना के साथ कार्य कर रही है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग वर्षों तक केवल अपने और अपने परिवार के हितों के लिए राजनीति करते रहे। आज वे न तो जमीन पर कब्जा कर पा रहे हैं और न ही नौकरियों में भ्रष्टाचार कर पा रहे हैं, इसलिए उन्हें वर्तमान व्यवस्था रास नहीं आ रही है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में आज कानून का राज स्थापित है। बहू-बेटियों की सुरक्षा पहले से अधिक सुनिश्चित हुई है और अपराधी किसी भी गलत कार्य से पहले कई बार सोचने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है और 17 करोड़ लोगों को नि:शुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। महिलाओं के सम्मान और स्वच्छता पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि पहले माताओं और बहनों को बुनियादी सुविधाओं के अभाव में अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन सरकार ने इसमें बड़ा बदलाव किया है। किसानों के विषय में उन्होंने कहा कि उनके उत्पादन का मूल्य सीधे उन्हें मिलना चाहिए और बिचौलियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। यदि कोई बिचौलिया या अधिकारी किसानों का शोषण करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा अपने कार्यों के दम पर वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में फिर इतिहास रचेगी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि उन्होंने किसी व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि भगवान श्रीराम और राष्ट्रहित के लिए राजनीतिक निर्णय लिया था। विभीषण का उदाहरण देते हुए उन्होंने अपने पुराने राजनीतिक दल पर भी तीखा हमला बोला। इस दौरान उनके साथ सदर विधायक रवि शर्मा, एमएलसी डॉ. बाबूलाल तिवारी,रामतीर्थ सिंघल,गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता,जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल,मैथिली शरण मुदगिल व मीडिया प्रभारी दीपक त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण लिंक रोड/सुरक्षित स्थल पर करायें: मंत्री

### -राशन वितरण के दौरान कोटेदार उपभोक्ता से अच्छा आचरण व्यवहार करें

### -सम्पर्क मार्गों सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का रोडमैप तैयार करने के निर्देश

### -पेट्रोल पम्प, गैस गोदाम, राशन दुकानों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** सर्किट हाउस में मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति उत्तर प्रदेश मनोज कुमार पाण्डेय ने समीक्षा बैठक करते हुये कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव लेकर अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कार्य जहां पर सुरक्षित स्थल भी हो, जिसमें 484 वर्ग फुट के परिसर में निर्मित अन्नपूर्णा भवन में खाद्यान्न वितरण कक्ष, उपभोक्ताओं के लिए बैठने का स्थान, सिंगल स्टेज डोर डिलीवरी व्यवस्था अन्तर्गत खाद्यान्न को अन्नपूर्णा भवन तक किसी भी मौसम में सुगमता से पहुंचने की सुविधा, लाभार्थियों को स्वयं के गांव में ही राशन प्राप्त करने की सुविधा मिले। मंत्री ने कहा कि गैस सिलेण्डरों की शत-प्रतिशत होम डिलीवरी सुनिश्चित करायें। साथ ही राशन वितरण के दौरान कोटेदार उपभोक्ता से अच्छा आचरण व्यवहार करने के साथ ही गर्मी के मौसम में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था अवश्य करें। मा0 मंत्री जी ने जिला पूर्ति अधिकारी को पेट्रोल पम्प, गैस गोदाम, राशन दुकानों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने सम्पर्क मार्गों के निर्माण कार्यों का रोडमैप तैयार करने के निर्देश देते हुये कहा कि सरकार द्वारा सड़क निर्माण के अतिरिक्त पंचायत भवन सहित विभिन्न निर्माण कार्य कराये जा रहे है, जिनको निर्धारित समय के अन्दर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जनप्रतिनिधिगणों ने दिव्यांगजनों के उपकरण समय से उपलब्ध कराने, एक जनपद एक उत्पाद में रानीपुर के कपड़ा उद्योग, हैण्डलूम को बढ़ावा देने, मऊरानीपुर में वृहद स्तर पर मूंगफली के उत्पादन को दृष्टिगत रखते हुये मूंगफली का दाना निकालने हेतु उद्योग स्थापित करने तथा हल्दी व अदरक की पैदावार सहित विभिन्न उत्पादन क्षेत्रों को बढ़ावा देने हेतु सुझाव प्रस्तुत किये। बैठक में दिनांक 05 से 21 जून 2026 तक संचालित हो रहे समेकित जनकल्याण एवं जन-जागरुकता अभियान के अन्तर्गत एक पेड़ माॅ के नाम, पेंशन वितरण, नये पेंशनर के फार्म भरवाने, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अधिकतम नियमानुसार प्रवेश कराने, जननी सुरक्षा योजना का मानदेय समय से उपलब्ध कराने, आपदा प्रबन्धन, गौशालाओं में धूप से बचाव के साथ ही पेयजल एवं चारा व्यवस्था, शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति करने, जलजीवन मिशन के अन्तर्गत स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के साथ आमजनमानस को सरकार की मंशा के अनुरुप सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये ।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड ने जनपद में संचालित कार्यक्रमों की प्रगति से मंत्री को अवगत कराया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत जनपद झांसी में नरेगा योजना से पूर्ण निर्मित 82 अन्नपूर्णा भवनों से उचित दर दुकानों का संचालन कराया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभागीय बजट से 39 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण हेतु 118 ग्राम पंचायतों/नगर निकायों में भूमि का चिन्हांकन का कार्य कर लिया गया है, इसकी कार्ययोजना एक सप्ताह में तैयार कर प्रेषित कर दी जायेगी। इस अवसर पर विधायक सदर रवि शर्मा, विधायक मऊरानीपुर डॉ0 रश्मि आर्य, एम0एल0सी0 श्री रामतीर्थ सिंघल, एम0एल0सी0 श्रीमती रमा निरंजन, उ0प्र0 गौसेवा आयोग अध्यक्ष श्री श्याम बिहारी गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड, एसपी ग्रामीण डॉ0 अरविन्द कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती पल्लवी मिश्रा, उपायुक्त खाद्य श्री विनय कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी सौम्या अग्रवाल, सचिव मण्डी श्री बब्लू कुमार, जिलाध्यक्ष भाजपा श्री प्रदीप पटेल, जिलाध्यक्ष महानगर श्री सुधीर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव श्रृंगीऋषि सहित पार्टी के महिला कार्यकत्री एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 8,58,000 पौधों का सामूहिक वृक्षारोपण विभिन्न विभागों द्वारा किया गया

**बांदा।** विश्व पर्यावरण दिवस-2026 के अवसर पर जनपद बांदा में 8,58,000 पौधों का सामूहिक वृक्षारोपण विभिन्न विभागों द्वारा किया गया।

यह वृक्षारोपण अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम' थीम के अंतर्गत संचालित किया गया, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ मातृ सम्मान का संदेश भी जन-जन तक पहुंचाया गया।

विभागवार वृक्षारोपण लक्ष्य एवं उपलब्धि:

वन एवं वन्यजीव विभाग – 64,000 पौधे

ग्राम्य विकास विभाग – 5,32,000 पौधे

पंचायती राज विभाग – 35,000 पौधे

कृषि विभाग – 1,33,000 पौधे

उद्यान विभाग – 88,000 पौधे

नगर विकास विभाग – 6,000 पौधे

अन्य विभागों द्वारा भी व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज रानी दुर्गावती राजकीय मेडिकल कॉलेज, बांदा में जल शक्ति राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश श्री रामकेश निषाद ने वृक्षारोपण कर जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। मंत्री जी ने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा में एक वृक्ष को दस पुत्रों के समान माना गया है तथा वृक्षों का संरक्षण हमारी सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है। उन्होंने बुंदेलखंड क्षेत्र में बढ़ते तापमान, जल संकट एवं पर्यावरणीय चुनौतियों का उल्लेख करते हुए अधिकाधिक वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण पर बल दिया। आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल, बांदा श्री अजीत कुमार ने कमिश्नरी परिसर में अशोक का पौधा रोपित कर अभियान में सहभागिता की तथा मंडलवासियों से 'एक पेड़ माँ के नाम' अवश्य लगाने की अपील की। आयुक्त महोदय ने कहा कि एक पौधा लगाना केवल पर्यावरण संरक्षण नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है।

# पार्षद सुशीला दुबे के आवास पर मंत्री मनोज पाण्डेय का हुआ जोरदार स्वागत

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी ।** श्रीमती सुशीला दुबे पार्षद वार्ड नंबर 49/पूर्व उपसभापति नगर निगम झांसी के निज निवास गोंदू कंपाउंड झांसी पर मनोज पाण्डेय कैबिनेट मंत्री, खाद रसद एवं नागरिक आपूर्ति उत्तर प्रदेश का आगमन हुआ माननीय मंत्री जी का स्वागत पुष्प देकर किया व भगवान परशुराम की प्रतिमा देकर सुप्रीम भेंट दी। इस अवसर पर आचार्य पंडित हरिओम पाठक रवि शर्मा सदर विधायक झांसी प्रदीप पटेल जिला अध्यक्ष ग्रामीण भाजपा पंडित सिया शरण चतुर्वेदी श्रीमती रितिका तिवारी पार्षद नगर निगम झांसी प्रियंका साहू पार्षद नगर निगम झांसी विवेक पाठक अशोक सोनकिया सुरेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे। संचालन पंडित जितेंद्र तिवारी समाजसेवी ने किया । अंत में सभी का आभार गोकुल दुबे प्रांतीय अध्यक्ष ब्राह्मण सभा उत्तर प्रदेश ने किया

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718